20- OCT- BSP- P- 1_Layout 1 10/21/2024 12:30 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024






## खबर संक्षेप

### इन इलाकों में आज रहेगी बिजली बंद



**बिलासपुर।** दीवाली पूर्व मेंटनेंस के लिए बिजली विभाग द्वारा 4 फीडरों में रखरखाव और मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 10 से 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। बताया जा रहा है कि 11 केवी अग्रसेन चौक, सीएमडी कालेज, हर्ष विहार, विद्या नगर फीडर बंद रहेगी। इस दौरान त्रिवेणी भवन, श्रीकांत वर्मा मार्ग, हंसा विहार, आकाश इंस्टीस्ट्यूट, व्यापार विहार, सांई परिसर, रामा वाटिका, लिंकरोड, व्यापार विहार, मधुमिश्रा, झूलागली, तालापारा रोड, गायत्री मंदिर में बिजली बंद रहेगी। खास बात यह है कि रविवार की सुबह 6 से 7.30 बजे तक गांधी चौक, फजल बाड़ा, नागोरॉव शेष वार्ड, जूना बिलासपुर में बिजली बंद थी, जिसके चलते लोगों के रोजमर्रा के काम प्रभावित हुए।

### रेलवे मजदूर संघ का नामांकन आज

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ने आगामी यूनियन मान्यता चुनाव एसबीई-2024 के लिए नामांकन कार्यक्रम की सूचना जारी कर दी है। नामांकन यात्रा 21 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के पास से प्रारंभ होगी और यह यात्रा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल मुख्यालय बिलासपुर पर समाप्त होगी, जहां नामांकन भरा जाएगा। सभी सदस्यों से इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई है।

### ओवर ब्रिज के नीचे कबाड़, जाम की वजह



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक ओवर ब्रिज के नीचे कबाड़ और गाड़ी बनाने वालों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे क्षेत्र में लगातार जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय निवासी और यात्री इस स्थिति से परेशान हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। कबाड़ के ढेर और गाड़ी मरम्मत की दुकानें सड़क पर फैली हुई हैं, जिससे ट्रैफिक बाधित हो रहा है। इस समस्या का समाधान न होने पर लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### दो साल में बांट नहीं पाए अब गुमटी में अवैध कब्जा



**बिलासपुर।** शहर को स्मार्ट सिटी के तर्ज पर संवारने लाखों रूपए खर्च कर गुमटी का निर्माण कराया गया था। जो स्ट्रीट वेंडरों को वितरण किया जाना था। ताकि शहर की सुंदरता बनी रहे और यातायात व्यवस्था पर कोई व्यवधान न आए। लेकिन दो वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसका वितरण नहीं किया गया है। बृहस्पति बाजार के पास दर्जनों की संख्या में गुमटियां रखी गई हैं। इस पर असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर नशाखोरी का अड्डा बना लिया है। जिसके कारण सब्जी खरीदने आने वाले लोग असामाजिक तत्वों के कारण परेशान रहते हैं।



## करवा चौथ पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रतः समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक

**बिलासपुर।** करवा चौथ पर रविवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर अपने पतियों की लंबी उम्र और खुशियों के लिए प्रार्थना की। दिनभर उपवास रखते हुए उन्होंने चाँद के दर्शन का बेसब्री से इंतज़ार किया। महिलाएं सोलह श्रृंगार से सजी-धजी, चूड़ियाँ पहने और सखी-सहेलियों के साथ मिलकर रिवाजों का पालन करती रहीं। निर्जला व्रत की परंपरा ने इस दिन को और भी विशेष बना दिया, जहाँ महिलाएं न केवल अपने परिवार के लिए, बल्कि अपने रिश्तों की मजबूती के लिए भी इस व्रत को निभाती हैं। यह पर्व प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक है, जो हर साल महिलाओं को एक नई ऊर्जा और उम्मीद के साथ एकत्रित करता है। पर्व पर कालोनियों से लेकर मोहल्लों तक सभी जगह एक पवित्र सा माहौल बन गया था। रात को चाँद निकलने पर पतियों को अर्घ्य देकर महिलाओं ने व्रत का समापन किया।

### 4 साल से अटकी है 35 करोड़ की योजना

# 17 एकड़ का तालापारा तालाब नहीं संवर सका ठेका कंपनी की बैंक गारंटी होगी जब्त



तालापारा स्थित वह तालाब जिसे संवारा जाना है।

**भिलाई की ठेका कंपनी पर सख्ती की तैयारी नए सिरे से जारी हो सकता है टेंडर**

**700 आवासों का निर्माण किया जाना है, इसके लिए 12.50 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गटर बने तालापारा के मिनीमाता तालाब और मेढ़ के चारों ओर बेजा कब्जा में बनी झुग्गियों की हालत बदलने स्मार्ट सिटी ने 35 करोड़ की योजना 4 साल पहले बनाई गई। इसके लिए वर्क ऑर्डर भी जारी हो चुका है, लेकिन मामला अटका पड़ा है। ठेकेदार पुरानी कीमत पर काम करने को तैयार नहीं है और 20 प्रतिशत से अधिक का दर मांग रहा है, तो निगम इसे देने को तैयार नहीं है। तालाब के पास ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 700 आवासों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 12.50 करोड़ का वर्क ऑर्डर बीएसबी, भिलाई को 3 साल पहले दिया गया था। काम नहीं करने पर ठेकेदार के बैंक गारंटी की राशि जब्त करने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

ध्यान रहे कि यहां झुग्गियों की जगह 1000 पक्के मकान बनाने की योजना पर 50 करोड़ अलग से खर्च होंगे। इसके तहत झुग्गियों में रहने वालों को मात्र 5 हजार रुपए की पंजीयन राशि तथा शेष 70 हजार रुपए किस्त में लेकर 5 लाख की लागत के पक्के मकान दिए जाएंगे। तालाब की हालत की बात करें तो नवंबर 2021 में दूषित पानी पीने से 2 लोगों की मौत के बाद किनारे के तीन बोर बंद कर दिए गए थे क्योंकि तालाब का गंदा पानी बोर में आने लगा था। अब यहां से लोगों को शिफ्ट कर दिया गया है।

### गंदे पाने को साफ करने एसटीपी नहीं बना

योजना के मुताबिक तालाब में पहुंचने वाले नाले के गंदे पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जानी थी जिसका काम अटका पड़ा है। सैर पर पहुंचने वालों के लिए तालाब के चारों ओर 9 मीटर चौड़ा पाथ वे और उद्यान नहीं बन सका है। इसके साथ ही यहां खूबसूरती के लिए तालाब के अंदर दो फाउंटेन, किनारे लाइटिंग, बोटिंग की व्यवस्था, रेस्टोरेंट, कियोस्क और दुकानें बनेंगी, जिससे पहुंचने वाले व्यंजन के साथ शापिंग का भी लुत्फ उठा सकेंगे। एक समय में 15 कारों व 150 बाइक के लिए बेसमेंट पार्किंग की व्यवस्था होगी। कन्वेंशनल सेंटर सर्वसुविधायुक्त होगा, जिसमें समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा।

### पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका

तालाब में लगातार गंदगी फेके जाने और सफाई के अभाव के कारण पूरे तालाब का पानी गंदा हो चुका है। हाल तो यह हैं कि तालाब बड़ी-बड़ी घास और जनलकुंभी से पटा चुका है। रखरखाव और ध्यान नहीं देने के कारण तालाब का पानी भी दूषित हो गया है। गौरतलब है कि तालाब का क्षेत्र 17 एकड़ का है। इसके चारों ओर विकास कार्य किया जाएगा। तालाब और आसपास लगभग 1300 झोपडि़यां हैं। इसमें से 891 लोगों को आईएचएसडीपी योजना के तहत बने मकान अलाट कर दिए गए हैं। वहीं 450 लोगो को प्रधानमंत्री योजना के तहत तालापारा में ही मकान बनाकर दिया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

- 17 एकड़ तालाब की जमीन
- 1300 झोपड़ी
- 35 करोड़ होगें खर्च
- 450 लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मिलेगा लाभ
- 891 लोगों को आईएचएसडीपी योजना में भेजा जाएगा



### जी प्लस थ्री में एक हजार फ्लैट बनेंगे

अधिकारियों के अनुसार तालाब को संवारने, कन्वेंशनल सेंटर के निर्माण के लिए स्मार्ट सिटी की योजना के अतिरिक्त झुग्गियों की जगह पक्के मकान बनाने के लिए जी प्लस थ्री के फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1000 मकान बनाने की योजना पहले से स्वीकृत है। 12.50 करोड़ की पहली किश्त आ चुकी है।

ज्ञात हो कि यह तालाब अंग्रेजों के जमाने से लोगों के निस्तारी के उपयोग में आ रहा है। पिछले 3 दशको से जनसंख्या बढऩे और तालाब के आसपास लोगों के मकान बनाकर रहने के बाद से तालाब में गंदगी पसरनी शुरू हुई। तालाब में नगर निगम की ओर से करीब 15 वर्ष पूर्व पचरी का निर्माण हुआ था। इसके बाद से नगर निगम अधिकारी कभी झांकने नहीं गए।

# दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया शहर का युवक चचई डेम में बहा



युवकों से पूछताछ करती पुलिस व इनसेट में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया युवक रतनपुर क्षेत्र के चचई डेम में नहाते समय गहराई जाकर बह गया। स्थानीय मछुआरों से युवक की खोज कराई गई, किन्तु उसका पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने के कारण मछुआरे बाहर निकल गए। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम से युवक की खोज कराई जाएगी।

जूना बिलासपुर साव धर्मशाला निवासी गणेशराम गोवली ने बताया, उनका बेटा अन्जेस राव गोवली 22 साल पुराना बस स्टैण्ड स्थित मेडिकल दुकान में काम करता था। हर साल वह दोस्तों के साथ मिलकर दुर्गा प्रतिमा स्थापित करता था। दुर्गा विसर्जन होने के बाद वह दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जाता था। रविवार की सुबह उनका बेटा 10 से 15 दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रतनपुर क्षेत्र के कलमीटार स्थित चचई डेम गया था। दिन में घूमने फिरने के बाद शाम लगभग 5 बजे वह अपने दोस्तों के साथ डेम में रहा था। नहाते समय वह गहराई में चला गया और डूबने लगा। शोर मचाने पर दोस्तों ने बचाने की कोशिश की, किन्तु अन्जेस तेज बहाव की चपेट में आकर बह गया। दोस्तों ने घटना की सूचना रतनपुर पुलिस को दी। टीआई रजनीश सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। दोस्तों से पूछताछ करने के बाद स्थानीय मछुआरों को डेम में उतारकर युवक की खोज कराई गई, किन्तु युवक का पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने से मछुआरे डेम से बाहर निकल गए। पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को सूचना दे दी है। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम डेम में उतरकर युवक की तलाश करेगी।

### दो माह में दूसरी घटना

दो माह पूर्व पश्चिम बंगाल निवासी सेंट्रल यूनिर्वसिटी का छात्र दोस्तों के साथ चचई डेम पिकनिक मनाने गया था। नहाते समय छात्र की डूबकर मौत हो गई थी। उसके बाद रविवार को शहर का युवक डेम में बह गया है।

### गेट खोलने से चल रही धार

चचई डेम में पानी का भराव अधिक हो गया है। इसके चलते रविवार को डेम का गेट खोल दिया गया था, जिससे पानी का बहाव तेज हो गया है। नहाते समय युवक उसी बहाव के चपेट में आकर बह गया है।

### नहाते समय बह गया

शहर से करीब 15 युवक पिकनिक मनाने कल्मीटार चचई डेम आए थे। दिन में घूमने फिरने के बाद शाम को युवक डेम में उतरकर नहा रहे थे। एक युवक गहराई में जाकर बह गया है। सोमवार को एसडीआरएफ की टीम से उसकी खोज कराई जाएगी।

**- रजनीश सिंह**
रतनपुर टीआई

# कोरबा से सहेली के घर आई युवती से गैंगरेप

**बिलासपुर।** कोरबा से सहेली के घर आई युवती को स्कार्पियों सवार तीन युवकों ने लिफ्ट देकर गाड़ी में गैंगरेप करने का मामला सामने आने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। पुलिस पीड़िता से पूछताछ कर घटनास्थल का पता लगाने में जुटी हुई है।

कोनी पुलिस के अनुसार, कोरबा की रहने वाली 24 वर्षीय युवती सहेली से मिलने सरकण्डा आई थी। 2 अक्टूबर की शाम 7 बजे वह कोरबा जाने के लिए बिलासा ताल के पास खड़ी थी। इसी दौरान एक स्कार्पियो उनके पास आकर रूकी, उसमें से एक महिला बाहर निकली। उसने लिफ्ट देने के बहाने गाड़ी में बैठने को कहा। महिला के कहने पर वह गाड़ी में सवार हो गई। स्कार्पियों में तीन युवक भी बैठे हुए थे। गाड़ी वाले उसे सुनसान जगह में लेकर गए और गाड़ी रोक दिया। युवकों ने जोर जबरदस्ती कर उनके साथ बारी बारी से अनाचार किया। उसके बाद उसे छोड़कर भाग गए। किसी तरह वह युवकों के चंगुल से जान बचाकर भागी और मुख्य मार्ग में आ गई। शहर के बारे जानकारी नहीं होने से वह रात में कोरबा लौट गई थी। 20 अक्टूबर को रविवार को पीड़िता ने कोनी थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। कोनी पुलिस ने पीड़िता के साथ घटनास्थल का जायजा किया है।

### एफआईआर दर्ज किया जाएगा

पीड़िता द्वारा कोनी थाने में आकर अनाचार की शिकायत की गई। घटनास्थल का जायजा लिया गया है। कोनी थाने में पीड़िता की रिपोर्ट लिखकर कार्रवाई की जाएगी।

**- सिद्धार्थ बघेल**
सरकण्डा सीएसपी

### शिक्षा को स्वरोजगार योग्य बनाने की पहल की जा रही

# स्कूलों में अब रिटेल, बैंकिंग व फाइनेंस समेत 10 से ज्यादा नए कोर्स की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को स्वरोजगार योग्य बनाने की पहल की जा रही है। इसके तहत स्कूली छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा देने की योजना बनाई गई है। राज्य परियोजना कार्यालय (समग्र शिक्षा) स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा देने का प्रोग्राम तैयार किया है। इसके लिए बिलासपुर जिला के 46 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की जाएगी।

9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को चालू सत्र में मुख्य विषयों के साथ एक अतिरिक्त विषय के रूप में व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई कराने की योजना है। इसमें रिटेल, बैंकिंग, फाइनेंस, ब्यूटी एंड वैलनेस जैसे 10 अधिक कोर्स शामिल हैं। इसमें से 63 स्कूलों में दो ट्रेड ट्रेड शुरू किया जा रहा है। सभी स्कूलों को ट्रेड का आवंटन किया गया है। इसमें 70 फीसदी पाठ्यक्रम प्रायोगिक और 30 फीसदी सैद्धांतिक होगा।




### स्कूल से निकलकर बना सकते हैं कॅरियर

सहायक जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि इन स्कूलों में व्यावसायिक कोर्स शुरू होने के साथ स्कूली बच्चों को लाभ मिलेगा। हायर सेकेंडरी की शिक्षा के बाद अब भी ऐसे सैकड़ों स्कूली बच्चे हैं, जो कॉलेज स्तर की पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। ऐसे में व्यावसायिक कोर्स की पढ़ाई करने और मिलने वाले प्रमाण पत्रों से वह अपने कॅरियर की दिशा तय कर सकेंगे। सर्टिफिकेट के आधार पर उन्हें बैंक से लोन भी मिल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में मुख्य विषयों के साथ एक अतिरिक्त विषय के रूप में व्यावसायिक कोर्स की भी पढ़ाई शुरू कराने के लिए चुना गया है। अब यहां के बच्चों को स्कूली किताबों के साथ ही व्यावसायिक ज्ञान भी मिलेगा।

### 6 नए आईसीटी लैब भी खुलेंगे

### जिले के 46 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ होगी

#### डिजिटल पढ़ाई की सुविधा

जिले को 6 नए आईसीटी लैब की भी मंजूरी मिली है। सरकारी स्कूलों में इन लैब की स्थापना की जाएगी। इन लैब के माध्यम से बच्चों को डिजिटल पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यहां से कम्प्यूटर और लैपटॉप के माध्यम से स्कूली बच्चों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम की सुविधा प्रदान की जाएगी। ज्ञात हो कि जिले में 18 आईसीटी लैब पहले से संचालित हैं।

#### प्रायोगिक कार्यों को अधिक प्राथमिकता दी गई

एग्रीकल्चर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी, ऑटोमोटिव, अपेरल मेड अप्स एंड होम फर्निशिंग, प्लम्बिंग, कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विसेस एंड इंश्योरेंस, पावर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, आईटीईएस, हैल्थ केयर, रिटेल और ब्यूटी एंड वैलनेस ट्रेड का प्रशिक्षण देंगे और प्रैक्टिकल कराएंगे। इसमें प्रायोगिक कार्यों को अधिक प्राथमिकता दी गई है।

#### 46 नए स्कूलों में प्रारंभ होगा कोर्स

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को स्वरोजगार योग्य बनाने की पहल की जा रही है। इसके तहत स्कूली छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा देने की योजना बनाई गई है। राज्य परियोजना कार्यालय (समग्र शिक्षा) स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा देने का प्रोग्राम तैयार किया है। इसके लिए बिलासपुर जिला के 46 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रारंभ की जाएगी।

**- अनिल तिवारी**
परियोजना अधिकारी

## सीबीएसई की 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होने 75% अटेंडेंस जरूरी

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों का 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। इससे कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों के प्राचार्यों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्राचार्यों को लिखे गए पत्र में सीबीएसई ने कहा है कि बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए छात्रों का 75 फीसदी उपस्थिति होना बहुत जरूरी है।

स्कूलों में कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए सत्र 2024-25 की प्रैक्टिकल परीक्षा/प्रोजेक्ट/आंतरिक मूल्यांकन 5 नवंबर से 5 दिसंबर तक होगी। सीबीएसई के अनुसार कुछ खास परिस्थितियों में 25% तक की छूट दी जा सकती है। लेकिन यह छूट तभी मिलेगी जब बच्चे को कोई गंभीर बीमारी हो, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में शामिल रहा हो। या फिर कोई और गंभीर वजह हो। इस छूट के लिए जरूरी दस्तावेज दिखाने होंगे। स्कूलों को चेतावनी दी गई है कि निरीक्षण के दौरान कोई छात्र बिना किसी सूचना या छुट्टी के अनुपस्थित मिलते हैं तो माना जाएगा कि वे नियमित स्कूल नहीं आ रहे हैं।

20- OCT- BSP- PG- 2 FULL PG_Layout 1 10/20/2024 10:49 PM Page 1




# भारत का नाम किया रोशन, बिलासपुर की शान रोहन

# International Player

RIHAN
GARG ATHLETE

ROHAN_SHAH_ATHLETE
Connect Us




**Rohan is an International Player from Bilaspur. He has Won 7 times for India in Various Championship Worldwide:**



Honored By Governor Of Chhattisgarh
Anusuiya Uikey

11 international medals to his credit, some of which include

- 2 Silver medals in Thailand (2019)
- 2 Gold medals in Ukraine (2020)
- 2 Bronze medals in Kyrgyzstan (2022)
- 1 Gold medal in Nepal (2023)
- 2 Silver Medals in Hyderabad, India (2023)
- 1 Silver Medal & 1 Bronze Medal in Kazakhstan (2024)

## Achievements:

## Athlete Rohan Shah




2 Silver Medals
In 8th World Strength Lifting & Incline Bench press Championship 2019 Held in Thailand




2 Gold Medals
Global Power Alliance Power Lifting EUROASIA Championship 2020 Held in Ukraine



2 Bronze Medals
In 9th World Strength Lifting & Incline Bench press Championship 2022 Held in Kyrgyzstan




2 Silver Medal
In 10th World Strength lifting & Incline Bench press Championship 2023. Held in India



1 Gold Medal
In International Strength Lifting & Incline Bench press Championship 2023 Held in Nepal

## Felicitated Many Times...




AWARDED BY KIRAN BEDI
TEDx
LLDIMS DELHI




AWARDED BY KARAN SINGH GROVER
MOST ICONIC
ATHLETE OF THE YEAR 2024



GIVING AWARD TO ELNAAZ NOROUZI
AT IQA AWARDS
(SPECIAL GUEST)



FELICITATED BY HEMA MALINI
RISING BHARAT
REAL HEROES 2024

## Awareness Session In Different Places



KNOW MORE ABOUT YOUR NATION CAMPAIGN
AT OAKRIDGE INTERNATIONAL SCHOOL
VISAKHAPATNAM



AWARENESS SESSION AT
PRAYAS PUBLIC SCHOOL
BILASPUR



VICTORY CELEBRATIONS AT
THE JAIN INTERNATIONAL
SCHOOL, BILASPUR



MOTIVATIONAL SESSION
AT CAREER POINT WORLD SCHOOL
BILASPUR

## News Featured By Different Media




FEATURED BY TIMES OF INDIA




HINDUSTAN TIMES FEATURED TEDx
SPEAKER ROHAN SHAH



INTERVIEW WITH NEWS 24




INVITED FOR INTERVIEW BY INDIAN NEWS
( भारत की शान शो )

MGR ADVERTISER

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 21 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# पति की दीर्घायु के लिए रखा व्रत, चांद देखकर की पूजा

अखंड सुहाग व पति की दीर्घायु की कामना को लेकर रविवार को सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखा और चांद की पूजा करने के बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। शहर में संस्था, सोसायटी व मोहल्लों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने करवा चौथ पर पूजा की। पूजा के पहले महिलाएं सोलह श्रृंगार कर तैयार हुई, चांद निकलने के बाद चलनी से चांद देखने के बाद अर्घ्य देकर चंद्रमा की पूजा की और पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला। साथ ही बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया।



करवा चौथ पर महिलाओं ने बड़ी संख्या में विधि विधान से पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना कर निर्जला व्रत रखा।

## सोशल मीडिया पर छाई सुहागिनों की तस्वीरें

**बिलासपुर।** करवा चौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहुओं को उनकी सासों ने सरगी दी, जिसके बाद बहुओं ने सरगी में मिले भोजन के साथ जल ग्रहण किया और व्रत की शुरुआत की। शाम को शुभ मुहूर्त में चाँद निकलने से पहले उन्होंने पूरे शिव परिवार की पूजा की। पूजा से पहले महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी और विधिपूर्वक देवी-देवताओं का पूजन किया। महिलाओं में उत्साह देखने को मिला, और पूजा के दौरान उन्होंने अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कर करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही महिलाएं इस पर्व को लेकर बेहद उत्साहित थीं। सुहागिनों ने शादी के जोड़े, नई साड़ी या लहंगा पहनकर दुल्हन की तरह सज-धजकर पूजा में भाग लिया। सूर्य ढलते ही घरों की छतों पर रौनक बिखर गई, जहाँ महिलाएं अपने पतियों और बच्चों के साथ मिलकर पूजा अर्चना करने लगीं। देर रात तक सेल्फी लेने का सिलसिला जारी रहा, जिससे इस खास दिन की खुशियाँ और भी बढ़ गईं।

## चूड़ियों की खनक छाई

कालोनियों और मोहल्लों में करवा चौथ धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने सजी-धजी साड़ियों में चाँद का इंतज़ार किया, और पूजा की थाल सजाई। मोहल्ले में चूड़ियों की खनक और मेहंदी की खुशबू छाई रही। सखियाँ एक-दूसरे के साथ मिलकर चाँद की पूजा करती रहीं, जबकि बच्चे मिठाइयाँ बाँटने में व्यस्त थे। चाँद निकलने से पहले मोहल्ले में रौनक बढ़ गई।





महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा हर्षिता पांडेय ने विधी विधान से करवा चौथ का व्रत रख पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को बधाई देते हुए उनके अखंड सौभाग्य की कामना की।



पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा।



मीना गुम्बर, चिंकी गुम्बर दत्त, रिचा गुम्बर, भाविका गुम्बर ने पूजा की।



ग्रीन पार्क कॉलोनी में रजनी गुलशन ऋषि के निवास पर करवा चौथ पर महिलाओं ने एकत्रित होकर करवा माता की पूजा की कथा सुनी। इस अवसर पर सुषमा, नीतू, नेहा, योगिता, रत्ना , रेणु, गीता, सिम्मी, रैनी, शिल्पा, शिवली, प्रचेता, आकृति, नुपुर, एकता, पायल, डॉ अदिति, सहित 50 से अधिक महिलाए एकत्रित हुई थीं।



कृतांशा गुम्बर ने करवा चौथ की पूजा की।



दयालबंद पंजाबी कॉलोनी में सहायक निदेशक उद्यान रंजना मखीजा, ऋचा पाहवा, डॉ.नेहा पाहवा, दीपिका उपवेजा ने शुभ मुहूर्त में पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु के लिए विधि विधान से करवा चौथ व्रत पूजन किया।



पारिजात एक्सटेंशन कालोनी में महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखा।



वीआईपी कालोनी में महिलाओं ने चांद देखकर पूजा की।





स्वाति शर्मा व भूमिका गिडवानी ने करवा की पूजा कर व्रत रखा।



करवा चौथ पर जूनी लाइन में सुनीता, नेहा, निकिता, अंकिता, सरिता बजाज, सुमेधा बजाज आदि ने निर्जला रख शाम को पूजा की। इस दौरान सभी महिलाओं ने विशेष श्रृंगार कर आस्था से पूजन कर आशीर्वाद लिया।



प्रीति-हनी सलूजा ने की पूजा।







पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने निर्जला व्रत रखा।



## खबर संक्षेप

### अडंर 19 क्रिकेट टीम में तुषार का चयन



**मस्तूरी।** शिक्षा विभाग द्वारा कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता अडंर 19 क्रिकेट टीम में आरकेजी हायर सेकेंडरी स्कूल कोकड़ी जिला बलौदा बाजार में अध्यनरत कक्षा 11वीं के छात्र तुषार सेन का चयन हुआ है। आगामी 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित इस राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में चयनित छात्र तुषार सेन मस्तूरी ब्लाक के अधीनस्थ स्थित ग्राम पंचायत भटचौरा निवासी वीरेंद्र सेन के सुपुत्र हैं।

### कन्या शाला की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण



**मस्तूरी।** स्थानीय शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक शाला में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी एवं वैलनेस विषय का अध्ययन कर रहे छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। संस्था के प्राचार्य व्हीआर सैमुएल के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षक मंजू निराला ने छात्राओं को औद्योगिक ब्यूटी पार्लर लेकर पहुंची जहां संचालिका राधिका गुप्ता के द्वारा छात्राओं को मेनीक्योर, पेडीक्योर, थ्रेडिंग वैक्सीग, हेयर ट्रीटमेंट, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान किया ।इस दौरान छात्रों ने भी काफी उत्सुकता के साथ स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे जिनका उत्तर मिलने से काफी उत्साहित रहे और एक नरई रोजगार की अवसर को आत्मसात किए।

### नेशनल कैंप में सीपत कॉलेज का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रशांत

**सीपत।** शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक प्रशांत यादव का चयन राष्ट्रीय एकता शिवर के लिए हुआ है। यह शिवर 21 से 27अक्टूबर तक एसडी पीजी कॉलेज पानीपत कुरुक्षेत्र हरियाणा में अयोजित हो रहा है। इस शिवर में सीपत कॉलेज के स्वयंसेवक प्रशांत यादव कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने पानीपत पहुंचे हैं। प्रशांत यादव ने अपने चयन का श्रेय अपने कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे के दो साल के कुशल मार्गदर्शन को दिया है।

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता कल से

**तखतपुर।** तखतपुर विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गनियारी हाईस्कूल मैदान में 22 अक्टूबर को किया जाना है जिसमें एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर, तवा फेंक, खोखो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी को सम्मिलित किया गया है। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत दो आयु वर्ग में महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी 9 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से ऊपर 35 वर्ष तक जिसमें दोनों आयु वर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आधार कार्ड लेकर आए प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु तखतपुर ब्लाक के व्यायाम शिक्षकों से संपर्क करें।यह जानकारी ब्लॉक नोडल अजय त्रिपाठी ने दी है।

## निधन

### आरएस चौबे



**बिलासपुर।** पूर्व विधायक शैलेष पांडेय की धर्मपत्नी श्रीमती ऋतु पांडेय के पिता प्रोफेसर आरएस चौबे (सेवानिवृत निदेशक, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज भोपाल) का 20 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भोपाल में किया जाएगा।

### श्रीमती मीना बजाज



**तखतपुर।** वार्ड 12 निवासी श्रीमती मीना बजाज 55 वर्ष का 19 अक्टूबर को निधन हो गया। वे नारू बजाज की पत्नि एवं अमन बजाज की मां थी। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

---

### 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को हर माह मिलेंगे 1350 रूपये

# कोल कर्मियों व अधिकारियों के बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश की कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया कर्मचारी हित में लगातार फैसले ले रही है। अब मेरिट स्कॉलरशिप योजना शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत दसवीं की परीक्षा में पहले से लेकर बीस वें स्थान तक आने वाले या 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को प्रति महीने 1350 रुपए दिए जाएंगे। तकनीकी और प्रोफेशनल परीक्षा में इस तरह के अंक लाने वालों को 3160 रुपए प्रति महीने मिलेंगे।

**खास बात**

- तकनीकी और प्रोफेशनल परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले को मिलेगा हर माह 3160 रुपए



फाइल फोटो

आश्रितों को नौकरी की बात हो अथवा कर्मियों-अधिकारियो के बच्चों की पढ़ाई की। सारे मामलों में सुविधा बढ़ाई जा रही है। कोल इंडिया ने कई योजनाओं का प्रावधान किया है। कोल इंडिया और अनुषंगी कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों के बच्चों को प्रेरणा स्कीम का भी लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों को 1800 रुपए प्रति माह स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसके लिए कर्मियों के बेटा या बेटी को सभी समेस्टर में 60 प्रतिशत अंक लाना जरूरी होगा। कोल इंडिया फंक्शनल डायरेक्टर्स की बैठक में इन सब बातों पर निर्णय ले लिया गया है। यह भी तय हुआ है कि डिप्लोमा करने वाले छात्रों को 680 रुपए, रिकॉग्नाइज्ड इंस्टीट्यूट से आईटीआई करने वाले छात्रों को 560 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। मान्यता प्राप्त संस्थान से बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, एमएससी आदि सहित कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई करने वाले बच्चों को 1130 रुपए दिए जाएंगे। इसके लिए पिछली वार्षिक परीक्षा में 60 फीसदी अंक लाना अनिवार्य होगा। कोल इंडिया में कार्यरत कर्मचारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। कोल इंडिया के इस फैसले से कर्मचारियों के बच्चों की पढ़ाई में सुविधा होगी।

**लगातार घट रही कर्मचारियों की संख्या**

कर्मियों की संख्या लगातार घट रही है, लेकिन कोल इंडिया कर्मचारियों-अधिकारियों की सुविधा के लिए नई-नई स्कीम लांच कर रही है। कुछ योजनाएं तो पुरानी है। उनको नए फ्लेवर के साथ लांच किया जा रहा है, तो कुछ नई योजनाए भी है। कोल इंडिया ने अपने अधिकारी और कर्मचारियों को सस्ते दर पर कई तीर्थ स्थलों पर कमरे की व्यवस्था की है। हालांकि यह नियम कोई नया नहीं है। पहले भी इस तरह की व्यवस्था थी। वर्ष 2024 में कोल इंडिया ने नई सूची जारी की है, यह सूची वर्ष 2024 से लेकर वर्ष 2026 तक मान्य रहेगी। शर्त यही होगी कि 75 दिन पहले इसकी बुकिंग करानी होगी। अब कोल इंडिया के अधिकारी और कर्मचारी 400 प्रतिदिन की दर से पुरी में एसयूवी पैलेस, मंसाली में रिसोर्ट लिमिटेड, दार्जिलिंग में बी प्रॉपर्टीज लिमिटेड, केवालम में होटल सागर बिच रिसोर्ट, मुनार में क्लॉडी वैली होटल, तिरुपति में होटल ग्रैंड ऑर्किड, दीघा में प्राइड विजन टैल कैंपस में रह सकते है।

---



अतिथियों के साथ बैग लेकर खड़े स्कूली बच्चे।

## सेवा एक नई पहल से बच्चों का अनूठा लगाव , बैग-टीशर्ट पाकर खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

**सीपत।** सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने ग्राम धनुहार पारा कुकदा के प्राथमिक विद्यालय में सादगीपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संयोजक संतराम जेठमलानी, रेखा आहूजा के साथ आमंत्रित अतिथियों एनटीपीसी परिवहन संघ के कोषाध्यक्ष रामावतार साहू सीपत के युवा सामाजिक कार्यकर्ता वैभव तंबोली ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के मार्गदर्शक महेंद्र माखीजा संदीप अहिरवार व महिला शक्ति की ओर से रजनी मलघानी ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच शहर के संवेदनशील नागरिक बंधुओ व इंदर गुरबानी, नवीन पंजवानी, सोनू पाहुजा, सुनील तोलानी , माधव स्टोर्स व विलासपुर मनिहारी व स्टेशनरी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील चिमनानी द्वारा प्रदत्त चरण लोवर, टी शर्ट, चरण पादुकाएं, स्कूल बैग, कॉपी पेन, खिलौने, खेल सामग्री, केरम, कपड़े, केक बिस्किट आदि का वितरण कर सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने को प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी शिक्षक चरण दास महंत, प्रधान पाठक बसंत जायसवाल, शिक्षिका चंद्रिका मिरी, सहयोगी पूर्णिमा सूर्यवंशी, प्रीतिका सूर्यवंशी उपस्थित रहे । सेवा एक नई पहल की संयोजिका रेखा आहूजा, संयोजक सतराम जेठमलानी और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए प्रधान पाठक बसंत जायसवाल ने कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा नेक कार्य सराहनीय एवं वंदनीय है।

---

## रिस्दा में धान की किस्मों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं भामा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसदा के किसान बीज सहकारी समिति प्रांगण में धान उत्परिवर्तित किस्मों का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लोकप्रियकरण प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर केएन व्यास पूर्व चेयरमैन एईसी., पूर्व सेक्रेटरी डीएई भारत सरकार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर ऐनटोनियो कोष्टा डी ओलवीरा आईएईए रिप्रेजेंटटिव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ दीपक शर्मा वरिष्ठ प्रजनन वैज्ञानिक मंचस्थ रहे। किसान बीज सहकारी समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चंदेल एवं समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

उत्परिवर्ती किस्मों का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं लोकार्पण समारोह में भामा परमाणु अनुसंधान केंद्र मुंबई से पहुंचे मुख्य अतिथि डॉक्टर केएन व्यास ने उपस्थित



कृषकों को बताया कि बी ए आर सी के द्वारा धान की नई म्युटेंट प्रजाति विक्रम टी सी आर का अविष्कार परमाणु से म्युटेंट उप परिवर्तन करके बी ए आर सी में किया गया है धान की यह नई किस्म सबसे अच्छी किस्म है। इस धान का आधिकाधिक उत्पादन करने की सलाह क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों दी।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ ए टीनियो डी कोष्टा ने कहा कि विक्रम टी सीआर धान की नई किस्म श्रेष्ठ किस्म है। वरिष्ठ प्रजनन वैज्ञानिक डॉक्टर दीपक शर्मा ने कहा कि विक्रम टी सीआर धान के बीज के उत्पादन में किसान बीज सहकारी समिति रिसदा के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चंदेल द्वारा किया जा रहा है यह सराहनीय कार्य है। अंत में किसान बीज सहकारी समिति अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चंदेल ने अपने अनुभव को साझा किए। इस अवसर पर तहसीलदार जयंती देवांगन ,नायब तहसीलदार विभोर यादव,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ए. के आहीरे, प्रगतिशील कृषक दिकपाल सिंह चंदेल, बनमाली सिंह चंदेल, देवेंद्र पाल सिंह चंदेल ,सुगत सिंह सिसोदिया सहित कृष्कजन व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एमबीएस चंदेल एवं आभार प्रगट राघवेंद्र सिंह चंदेल ने किया।

### बीड़ी पीने की बात पर दो पक्षों में विवाद

**तखतपुर।** बीड़ी पीने की बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने एक दूसरे की रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत काउंटर अपराध दर्ज किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाठकपारा निवासी दुर्गेश तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 अक्टूबर की रात्रि 12 बजे वह अपने मित्र के पास बैठक चौक में बीड़ी पी रहा था तभी आरोपी राजू निर्मलकर आया और बीड़ी की मांग किया, और बीड़ी नहीं देने पर गाली गलौज कर मारपीट कर दिया। वहीं राजू निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जब दुर्गेश तिवारी से बीड़ी पिलाने की बात कहा तो दुर्गेश ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बहरहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है।



## नायब तहसीलदार ने स्कूल और आंगनबाड़ी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तूरी

नायब तहसीलदार विभोर यादव जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत ईटवा के प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल और आंगनवाड़ी का निरीक्षण करने पहुंचे। श्री यादव ने महिला टीचर को लीव पर मौजूद देख जमकर फटकार लगाई और दोबारा ऐसी ग़लती नहीं करने की चेतावनी दी।

प्राथमिक शाला और मिडिल स्कूल में संचालित मध्यान भोजन ,पढ़ाई व सभी टीचर की नियमित उपस्थिति के सम्बन्ध में बच्चों से जानकारी ली। कक्षा 9वीं और 10वीं में पहुंचकर छात्र छात्राओं रूबरू होकर पढ़ाई के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान श्री यादव ने विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे और बच्चों की जवाब से संतुष्ट नजर आए। स्कूल में पदस्थ सभी शिक्षकों का उपस्थिति पंजी चेक किया और और सभी उपस्थित शिक्षकों को नियमित रूप से समय पर स्कूल में उपस्थित होने व समय सीमा में बच्चों का अध्यापन कार्य को पूर्ण कराने का आदेश दिया। ग्राम ईटवा के कृषक सत्यनारायण पटेल का फौती कार्य का तत्काल निपटारा किया और दलालों से दूर रहकर स्वयं तहसील कार्यालय में अपना काम का निष्पादन कराने ग्रामीणों से आहान किया।

---

## परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ उर्स, लोगों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

लुतरा शरीफ का सालाना उर्स रविवार को झंडा फहराने के साथ शुरू हो गया है। सुबह 11 बजे नागपुर के कामठी से आई मटका पार्टी ने दरगाह के सामने बाबा इंसान अली शाह के नाम पर कलाम प्रस्तुत किया।

बड़ी भीड़ के बीच साजो समान के साथ परचम उठाकर इंतेजामिया कमेटी, खादिम मुस्लिम जमात ने परचम फहराया। इस मौके पर यहां अनोखा करतब दिखाकर लोगों को हैरत में डाल दिया। आतिशबाजी के अलावा फूलों की वर्षा भी की गई। उर्स के आगाज के साथ ही दोपहर 3 बजे दादी अम्मा का संदल चादर दरगाह से निकाला गया जो मटका पार्टी के साथ मुख्य मार्ग होते हुए दादी अम्मा की दरगाह ले जाया गया जहां चादर पेश कर दुआ व खैर मांगी गई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में उमड़े जायरीनों के लिए शुद्ध शाकाहारी लंगर का इंतजाम किया



**आज निकलेगा शाही संदल**

उर्स के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को दोपहर 12:40 बजे मजार ए पाक का गुस्ल, सलातो सलाम व शिजरा खानी होगी, दोपहर 3:00 बजे राज बैंड पार्टी के साथ शाही संदल निकलेगा जो खम्हरिया स्थित नानी अम्मा की दरगाह पुराने दरबार में खत्म होगा। रात 9:00 बजे तकरीर का जलसा रखा गया है जिसमें किछौछा शरीफ (उप्र) से आए धर्म गुरु सैय्यद राशिद मक्की मियां साहब व कटिहार बिहार के मुफ्ती मोइनुद्दीन चतुर्वेदी तकरीर करेंगे।

गया। चाय नाश्ते से लेकर लंगर का 24 घंटे इंतजाम रखा गया है। शुगर के मरीजों का खास ख्याल रखते हुए उनके लिए नान रोटी की व्यवस्था की गई। बाबा सरकार के चाहने वालों की भीड़ सुबह से ही यहां पहुंच गई थी जो दिनभर बनी रही। इस दौरान कमेटी के चेयरमैन इरशाद अली सहित इंतेजामिया उर्स कमेटी के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर महिला ने स्वसहायता समूह की ग्रामीण महिलाओं को ठगी का शिकार बना लिया। स्थिति यह है कि ये महिलाएं लाखों के बैंक कर्ज में डूब गई हैं। धोखाधड़ी की जानकारी होने पर पीड़ित महिलाओं ने आरोपी महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रही हैं।

धोखाधड़ी की शिकार महिलाओं ने बताया कि वे सभी महिलाएं ग्राम नेवरी नवापारा की निवासी हैं। वर्ष 2023 में ग्राम गोरखपुर निवासी सोफिया खान उर्फ मुस्कान ने खुद को बैंक का एजेंट बताकर बकरी पालन, मुर्गी पालन, सब्जी की खेती, तथा खुद की दुकान खोलने के लिए फेडरल बैंक, फ्युजन बैंक, ग्राम शक्ति बैंक, प्रगति बैंक से लोन दिलाने की बात कहकर 35 महिलाओं को अपने झांसे में लिया और एक सप्ताह बाद ममता नाम की महिला को फेडरल बैंक की कर्मचारी बनाकर अपने साथ गांव लेकर आई और दोनों ने सभी महिलाओं से चालीस-चालीस हजार रूपए के



**पुलिस तक पहुंच बताकर महिलाओं दी धमकी**

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि सोफिया खान ने कहा कि मैं इस तरह का काम कई गांव में कर चुकी हूं कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाया। ज्यादा करोगे तो तुम लोगों को मरवा दूंगी, तुम लोग मुझे नहीं जानते हो और साथ ही उसने कहा कि पुलिस में मेरी बड़ी पहुंच है।

**की जा चुकी है शिकायत**

महिलाओं ने बताया कि सोफिया खान उर्फ मुस्कान के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के पास दो बार पहले भी शिकायत की जा चुकी है परंतु अभी तक कोई जांच या कार्रवाई नहीं हुई है जिसके कारण उसके हौसले बुलंद है ।

लोन का लोन फार्म भरवाया। डेढ़ माह बाद सोफिया ने ग्राम शक्ति एवं फ्युजन बैंक से तीस-तीस हजार एवं प्रगति बैंक से पैंतीस-पैंतीस हजार के लोन का फॉर्म भरवाया। इसके बाद सोफिया ने महिलाओं को खाते में पैसे आने की बात कर लोन क्लोज कराने को कहा, साथ ही उसने 6 माह बाद 1 लाख 50 हजार रुपए का फायदा दिलाने की भी बात भी कही। इसके बाद आरोपी महिला के द्वारा सभी महिलाओं को बैंकों में ले जाकर फिंगर मशीन में अंगूठा लगवाया गया एवं लोन क्लोज होने की बात कही गई साथ ही उसने कहा कि किसी को भी लोन पटाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कुछ समय बाद बैंक से लोन वाले महिलाओं के घर आने लगे व लोन पटाने के लिए दबाव बनाने लगे। महिलाओं ने बैंक वालों को बताया कि सोफिया खान ने बैंक ले जाकर हमारा लॉन को क्लोज करा दिया है, साथ ही उन्होंने लोन के पैसों को खाते से ना निकालने और ना ही पैसों का किसी प्रकार से उपयोग करने की जानकारी दी। बैंक वालों ने महिलाओं को बताया कि उनका लोन क्लोज नहीं हुआ है जिस पर सबी महिलाएं सोफिया खान से संपर्क करने की कोशिश करने लगीं। कई बार घर जाने पर भी सोफिया महिलाओं से नहीं मिली। महिलाओं ने जब उससे फोन लगाकर बात की तो उसने धमकी देते हुए कहा कि मैं पैसा नहीं पटाउंगी तुम लोगों को जो करना है जहां रिपोर्ट लिखाना है लिखा दो। जिस पर पीड़िता रामवती, चंपा नागेश, बेला बाई, बृज कुंवर, सुकवरिया वाकरे, सुशीला, सुपित कुंवर, सुधरिता, सियाबाई, राजकुंवर, मनीषा ऊर्मिला, ललिता, श्यामवती, रंगी बाई, गीता, ऊषा, परमिला, जान कुंवर, प्रियंका, तेरसिया, रामकुमारी, मैकी बाई, रामबाई, सुनिल बाई आदि पीड़िताओं द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

---


### नवाचार से हर क्षेत्र में मिल रहा बढ़ावा: टीआई


## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाए एक से बढ़कर एक मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

विरानी पब्लिक हाईस्कूल सीपत में शनिवार को साइंस मैथ्स आर्टस एंड क्राफ्ट व फूड मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने स्वनिर्मित विभिन्न मॉडलों एवं आकर्षक छग पकवान ने अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम सीपत थाना प्रभारी नीलेश पांडेय ने दीप प्रज्ववलित कर की। इसके बाद टीआई पांडेय ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों के बनाए मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना की। टीआई पांडेय ने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने यह प्रदर्शनी बेहद जरूरी है। विज्ञान की शिक्षा





जरूरी है। विज्ञान के सहारे ही देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाएं। बच्चों को प्रेरित करते हुए टीआई ने कहा आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इससे अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। टीआई पांडेय ने बच्चों द्वारा बनाए मॉडलों का अवलोकन करते हुए उनसे हाथ मिलाए और उनसे सवाल जवाब भी किए। मासूम बच्चों के सिर पर हाथ फेरकर उनको प्यार व आशीर्वाद दिया। प्रदर्शनी में बच्चों ने गणित पार्क, त्रिकोणमिति पार्क, एकीकरण का अनुप्रयोग, वास्तविक संख्या, ग्राफिकल मॉडल के प्रकार, वृत्त के भाग, कोण के प्रकार, जल प्रदूषण, कार्बन शोधक, चंद्रयान-3, स्मार्ट सिटी, न्यूरॉन मॉडल, हैमोडायलिसिस, कोयला खदान, मुफ्त बिजली और हमारी सुरक्षा बेल्ट, वायुमंडल की परत, बड़ा शहर , कच्चा घर पक्का घर, चिड़ियाघर और जंगल मॉडल, दिन और रात का निर्माण, व्यवसाय और उपकरण, स्वच्छ भारत अभियान, ऋतु मॉडल, राष्ट्रीय त्यौहार जैसे विभिन्न प्रकार के मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। स्कूली छात्राओं ने बुके भेंटकर टीआई का स्वागत किया। इसके अलावा स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो लोगों ने बीपी, सुगर , वैट, टैंम्प्रेचर की जांच कराए व स्वास्थ्यवर्धक जानकारी ली। इस दौरान स्कूल की संचालक नसीम एस वीरानी प्राचार्या तारा गिरी सहित सभी शिक्षक, छात्र छात्राएं व बड़ी संख्या में उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकारो, रजनी साहू, सोना साहू, राजकुमारी साहू सभी पिता स्व. सथुआ निवासी जिला बिलासपुर (छ.ग.), की ओर से निर्देशित व अधिकृत होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकारगणों के पिता स्व. सथुआ की अविभाजित संयुक्त हिन्दू परिवार की पैतृक सम्पत्ति की भूमि खसरा नं. 114/2, 109, 114/1, 108, 104/2, 106/1, 107/3, 100/2, 119/3, 106/2, 107/2, 107/2, 107/1, 107/7, 100/5, 119/4 मौजा चांटीडीह पटवारी हल्का न. 33, रा.नि. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) है तथा उपरोक्त वर्णित भूमियों में उत्तराधिकार के अन्तर्गत मेरे पक्षकारों का हक एवं स्वत्व निहित है, को राजकुमार साहू एवं अन्य के द्वारा वास्तिवक तथ्यों को छिपाते हुए राजस्व अभिलेखों में अपना नाम पर दर्ज करा लिया गया है जबकि उपरोक्त संबंध में आवश्यक कानूनी कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अस्तु इस सूचना पत्र के प्रकाशन के उपरान्त कोई भी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था एवं बैंक आदि के द्वारा इस संपत्ति से संबंधित क्रय, विक्रय या बंधक रखे जाने की कार्यवाही की जाती है तो वह अवैध होगी और इसकी संपूर्ण जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी एवं उन्हें भी न्यायालयीन कार्यवाहियों में पक्षकार संयोजित किया जावेगा।

(विकास दुबे) अधिवक्ता
एफ-40, विजयापुरम कॉलोनी, सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि मै श्रीमती वंदना तिवारी पत्नी श्रीमान विपिन कुमार तिवारी यह घोषणा करती हूँ कि मेरी पुत्री आराध्या तिवारी उम्र-15 वर्ष, बंगला नम्बर 05 आदीनाथ परिसर, न्यु गंगा नगर, फेस-2 मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)- 495001 के निवासी है यह की मेरी पुत्री का पुराना नाम कु आराध्या विपिन कुमार तिवारी था, जिसे बदल कर नया नाम कु आराध्या तिवारी रख लिया है एवं हमारा स्थाई निवास स्थान बंगला नम्बर- 05 आदीनाथ परिसर, न्यु गंगा नगर, फेस-2 मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 पर है।

अत: भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य अभिलेखों दस्तावेजों में नया नाम कु आराध्या तिवारी पिता श्री विपिन कुमार तिवारी के नाम से जाना जाए।

शपथकर्ता
श्रीमती वंदना तिवारी पत्नी श्रीमान विपिन कुमार तिवारी पता बंगला नम्बर 05 आदीनाथ परिसर न्यु गंगा नगर फेस-2 मंगला चौक बिलासपुर (छ.ग.)- 495001

20 OCT -BSP- pg- 5_Layout 1 10/21/2024 12:23 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### दीनबंधु सहयोग संस्था ने मितानिनों युवा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान




**बिलासपुर।** दीनबंधु सहयोग संस्था द्वारा आयोजित 'सेवा गौरव सम्मान' और 'उत्थान' पहल कार्यक्रम अजीत होटल तेलीपारा रोड में भव्यता से संपन्न हुआ। यह विशेष कार्यक्रम समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले निस्वार्थ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने और फार्मा व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्रों को सेवा में योगदान का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देने वाली मितानिन महिलाओं को विशेष सम्मान दिया गया। इसके अलावा, अरपा अर्पण महाअभियान, जय श्री फाउंडेशन, टीम मानवता, रोटी बैंक, और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं को उनके योगदान के लिए सराहा गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों का भी सम्मान किया गया, जिसमें डी.पी.विप्र महाविद्यालय, लक्ष्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, डीएलएस कॉलेज, जीडीसी, जेपी वर्मा कॉलेज और चौकसे इंजीनियरिंग महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत "अरपा पैरी के धार" से हुई। स्वागत भाषण दीनबंधु सहयोग संस्था के संस्थापक दीनदयाल साहू ने दिया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा संस्था के अध्यक्ष अरुण साहू ने प्रस्तुत की। मंच संचालन की जिम्मेदारी गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की फर्स्ट फीमेल गोल्ड मेडलिस्ट, सुश्री आकृति ताम्रकार ने संभाली। मुख्य अतिथि हरजीत सिंग सलूजा, प्रतीक उपवेजा, लवली जुनेजा और डॉ. केके श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन सर्टिफिकेट वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस आयोजन ने समाज सेवा की दिशा में जागरूकता और सहभागिता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

### पीएनबी की उपप्रबंधक चित्रा का केरल ट्रांसफर, समारोह में दी गई विदाई



**बिलासपुर।** पंजाब नैशनल बैंक, बिलासपुर की उपप्रबंधक श्रीमती चित्रा गोपीनाथन का गृह राज्य केरल केरल ट्रांसफर हो गया है। वे शनिवार को रिलीव हो गईं। इस अवसर पर मंडल कार्यालय में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल प्रमुख जगदीश राय, उपमंडल प्रमुख दिव्य रंजन नायक, मुख्य प्रबंधक दीपराज, वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल और सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। समारोह में जगदीश राय ने श्रीमती चित्रा की उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उपस्थित सभी सदस्यों ने भी चित्रा गोपीनाथन को उनके नए सफर के लिए बधाई दी।

### नासिर पुनः बने बैंड एंड डिस्को लाइट व्यापारी संघ के अध्यक्ष



**बिलासपुर।** बैंड एवं डिस्को लाइट व्यापारी संघ का नासिर खान को पुनः अध्यक्ष चुना गया है। मुख्य चुनाव अधिकारी समीर अहमद ने बताया कि संघ का चुनाव शांति पूर्वक रहा। इसमें बैंड एवं डिस्को लाइट व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदारों ने नामांकन भरा था। पहले प्रत्याशी नासिर खान ने पतंग छाप पर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव मैदान में उतरे। वहीं दूसरा प्रत्याशी अमन कुलपहाड़ी ने तराजू छाप पर चुनाव लड़ा। शुक्रवार को हटरी चौक स्थित शांति लॉज में मतदान व मतगणना हुई। जिसमें नासिर खान ने फिर जीत दर्ज कर विजयी श्री हासिल की। वहीं अमन कुलपहाड़ी को हार का सामना करना पड़ा। नासिर ने सभी का आभार प्रकट किया। जीत के पश्चात विजयी नासिर खान को संघ के व्यापारी गणों ने फूल माला पहनकर आतिशबाजी के साथ स्वागत विजयी जुलूस निकाला। इसमें सहायक चुनाव अधिकारी ललित राव दनके का सहयोग रहा।

### कालेजों को 25 अक्टूबर तक करानी होगी पूरक प्रायोगिक परीक्षा



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने पूरक परीक्षा 2024 के प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के लिए सभी यूनिवर्सिटी के प्राचार्यों को निर्देश जारी किया है। इसके अनुसार 25 से 28 अक्टूबर तक पूरक वालों की प्रायोगिक परीक्षा हो जानी चाहिए। अटल यूनिवर्सिटी ने पूरक प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में सभी कालेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया है। इसके अनुसार कालेजों से कहा गया है कि पूरक परीक्षा के तहत प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षा 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक आयोजित की जाए और इसी बीच प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की एंट्री भी कराई जाए। पूरक परीक्षा के प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने जिले के परीक्षा केन्द्रों में सम्मिलित होंगे। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने जिलावार प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र निर्धारित कर दिया है। बिलासपुर जिले में शासकीय जेपी वर्मा कालेज, मुंगेली जिला में शासकीय जेपी मिश्रा साइंस कालेज, जीपीएम जिला में शासकीय भंवर सिंह पोर्ते कालेज पेण्ड्रा, कोरबा जिला में शासकीय ईवीपीजी स्नातकोत्तर कालेज कोरबा को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस तरह से सभी जिलों में शासकीय कालेजों को ही प्रायोगिक पूरक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। प्रायोगिक परीक्षा संपन्न होने के बाद परीक्षकों द्वारा परीक्षार्थियों के अंक भरे जाने के पश्चात यूनिवर्सिटी के पोर्टल में अंक आनलाइन दर्ज किया जाना अनिवार्य है।

'परंपरा और आधुनिकता'का दिखेगा मेलः चाइनीज झालर की तुलना में दुगुनी कीमत पर बिक रहे हैं इंडियन इलेक्ट्रॉनिक आइटम

# दीपावली पर चाइनीज व देसी आइटमों से सजेगा घर का हर कोना

**बिलासपुर।** दीपावली, रोशनी और खुशियों का पर्व, हर साल हमें नई उम्मीदों और उत्साह के साथ जोड़ता है। इस बार, त्योहार की रौनक में चाइनीज और देसी इलेक्ट्रिक आइटमों का जादू देखने को मिलेगा। चाइनीज लाइट्स, रंगीन एलईडी स्ट्रिप्स और फायरक्रैकर्स के साथ, देसी इलेक्ट्रिक दीये और पारंपरिक सजावट का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। हर घर में जगमगाते दीप, रंग-बिरंगी रोशनी और उत्सव का माहौल एक नई ऊर्जा से भरा होगा। यह न केवल परंपरा और आधुनिकता का मेल है, बल्कि हमारे त्योहारों में नवीनता और रचनात्मकता का भी प्रतीक है।

इस बार भी चाइनीज फैंसी झालरें लोगों को आकर्षित कर रही हैं, जबकि देसी आइटम दुगुनी कीमत पर बिक रहे हैं। देसी आयटमों में वेराइटी की कमी के कारण ग्राहक चाइनीज झालरों को



अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। दिवाली के त्योहार पर लोग चाइनीज झालरों से अपने घर और आंगन को रोशन करने की तैयारी कर रहे हैं। बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दीए, कमल के बल्ब, ओम, गोल्डन लटकन सहित कई प्रकार के आइटम उपलब्ध हैं। हालांकि इलेक्ट्रॉनिक आइटम के विक्रेताओं का कहना है कि भारतीय प्रोडक्ट मजबूत और भरोसेमंद होते हैं, इस वजह से उनकी कीमत अधिक होती है। साथ ही इनकी वेराइटी भी सीमित होती है। दिवाली रोशनी का त्योहार है और पूरा शहर दीयों और झालरों की रोशनी से जगमगाता है। हालांकि, समय के साथ मिट्टी के दीयों की मांग कम हुई है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक झालरों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। दिवाली के दिन, शहर की बड़ी इमारतें, मॉल, सरकारी भवन और बाजार झालरों की रोशनी से चमकते हैं। इस वर्ष चाइनीज और देसी झालरों की कीमतों में काफी अंतर देखा जा रहा है।

व्यापारियों के अनुसार, चाइनीज झालरों की तुलना में देसी झालर दुगुनी कीमत पर बिक रही हैं। देसी आइटमों में वेराइटी की कमी के कारण ग्राहक चाइनीज लाइटों की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं।

#### चाइनीज आयटमों की वेराइटी

बाजार में चाइनीज आयटमों की मांग अधिक है, जिसमें झूमर, स्वास्तिक चिन्ह, श्री गणेश की लड़ियां, टच लैंप, दीपक, कंदील, लेजर लाइट, प्लास्टिक के फूल, ज्योति घंटा और ज्योति लड़ी शामिल हैं। इनकी कीमत 50 से 250 रुपये के बीच है। 12 मीटर की एलईडी झालर 500 रुपये में बिक रही है, जबकि 40 फुट की झालर भी 500 रुपये में उपलब्ध है। 10 मीटर की एलईडी डांसिंग झालर की कीमत 250 रुपये है।

#### इलेक्ट्रॉनिक मोमबत्तियों की बढ़ती मांग

व्यापारियों ने दिल्ली, सूरत, अहमदाबाद और इंदौर से इलेक्ट्रॉनिक आइटम मंगवाए हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक मोमबत्तियां, दीये और कलश की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा, फैंसी झालरों की भी काफी मांग है, जो छत या मकानों में सजाने के लिए रंग-बिरंगे बल्बों से बनी होती हैं और मिट्टी के दीयों की लौ की तरह जगमगाती हैं।

#### 500 रुपए तक बिक रहे इलेक्ट्रिक दीये

बाजार में इलेक्ट्रिक दीप मालाएं 40 रुपये से लेकर 500 रुपये तक बिक रही हैं। कपड़े और प्लास्टिक के मिश्रण से बनी आर्टिफिशियल फूलों की झालर वास्तविक फूलों जैसी दिखती हैं। ग्राहक लेजर लाइट मशीन और पाइप वाली झालरों पर भी ध्यान दे रहे हैं। दिवाली के इस अवसर पर, चाइनीज झालरों की मांग और उनकी वेराइटी देसी आयटमों से कहीं अधिक है, जिससे व्यापारियों को चिंता है कि वेराइटी और किफायती कीमतों के अभाव में देसी उत्पादों की बिक्री प्रभावित हो सकती है।

स्थानीय शास्त्री स्कूल मैदान में मनाया गया विजयादशमी उत्सव

# चमड़ी के साथ दमड़ी लगाकर आरएसएस के सदस्य करते हैं लोगों की सेवा : पवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विचारों के साथ 75 हजार से अधिक स्थानों पर डेढ़ लाख से ज्यादा हिन्दू संगठन कार्य कर रहे हैं। देश में कोई भी विपदा आए संघ के सदस्य अपनी सेवा निःस्वार्थ भाव से देते हैं। चाहे भारत पाकिस्तान युद्ध हो या फिर चीन द्वारा भारत की जमीन हथियाने जैसा कृत्य, आरएसएस के सदस्यों ने बार्डर पर जाकर सेनाओं के कंधे से कंधा मिलाकर देश की सेवा की है। कोरोना काल जैसी भयानक महामारी के समय देश के अलावा पूरी दुनियों के लोगों को राशन, वैक्सिन जैसे राहत कार्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

- मंचस्थ अतिथियों को बिल्व का पौधा देकर किया स्वागत

उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 99 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंह पवार ने लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में विजयादशमी उत्सव के दौरान कही। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों व आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ के कार्यकर्ता मानव सेवा में अपनी चमड़ी के साथ दमड़ी लगाने से भी नहीं चूकते। 2008 में झारखंड स्थित कोसी नदी की बाढ़ से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया था। लोगों के रहने व खाने-पीने की व्यवस्था नहीं थी, तब संघ के सदस्यों ने अपने जान की परवाह किए बगैर पीड़ित लोगों की मदद करने में अपना योगदान दिया। आज संघ के विचारों को लेकर देश में 40 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू संगठन है, जिनका उद्देश्य राष्ट्र की सेवा करना है। संघ द्वारा पूरे देश में सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से 25 हजार से अधिक स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। जहां बच्चों को मूलभूत शिक्षा के अलावा देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत करना है। इस अवसर पर प्रदीप कुमार शर्मा, रामधन रजक, डा. विनय गुप्ता, गोवर्धन देवांगन, डा. विनोद तिवारी, कौशलेन्द्र राव, गणेश साहू, वंशगोपाल आदि को बिल्व का पौधा देकर स्वागत किया गया।





विजयादशमी उत्सव में उपस्थित आरएसएस के सदस्य व अतिथि।

#### दो सौ देश भारत की संस्कृति का कर रहे सम्मान

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने बताया कि हिन्दू समाज का वर्चस्व आज समाज में ही नहीं विश्व में भी दिख रहा है। जब हमने सनातन संस्कृति, भारतीय संस्कृति, हिन्दू संस्कृति के योग का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के पास लेकर गए। तब 120 देशों ने पहले ही इसका समर्थन किया। आज विश्व के दो सौ देश भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हुए योग को अपना रहे हैं। आज भारत की जो वैश्विक दृष्टि हैं वह कहती है कि हम विश्व का कल्याण करेंगे। उस दृष्टिकोण को देखते हुए भारत ने कोरोना वैक्सिन को विश्व के 97 देशों को 11 करोड़ 7 लाख वैक्सिन उपलब्ध कराया। आर्थिक क्षमताएं कम वाली 47 देशों को 1 करोड़ 7 लाख वैक्सिन भारत ने मुफ्त प्रदान किए। वह एक समय ऐसा था कि कई देशों की सरकारें कोई भी कीमत देने को तैयार थी, उस समय में हमने किसी की मजबूरी का फायदा न उठाकर, उन्हें निःशुल्क कोरोना का वैक्सीन उपलब्ध कराया।

## बिजनेस प्लस

### न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर का 'जीतो ढोल बजा के' ऑफर



**बिलासपुर।** रायपुर के प्रतिष्ठित न्यू जनरेशन अपेरल शोरूम ने 20 वर्षों से फैशन के क्षेत्र में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। अब, न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर, फिल ग्रुप टावर, लिंक रोड, सीएमडी चौक पर स्थित है। यहां त्योहारों के मौके पर ग्राहकों के लिए एक आकर्षक ऑफर "जीतो ढोल बजा के" लॉन्च किया गया है।

इस ऑफर के तहत, हर ग्राहक जो 3000 रुपए से अधिक की खरीदारी करेगा, उसे भव्य पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। इनमें कार, स्कूटी, बाइक, रेफ्रिजरेटर, टीवी और वाशिंग मशीन जैसे शानदार गिफ्ट शामिल हैं। यह बम्पर ऑफर बिलासपुरवासियों के लिए खरीददारी का आनंद कई गुना बढ़ा रहा है। न्यू जनरेशन फैमिली स्टोर की विस्तृत रेंज में मेन, वुमेन और किड्स के लिए आधुनिक डिजाइन और फैशनेबल वस्त्र उपलब्ध हैं, जो त्योहारों की खरीदारी के लिए एक बेहतरीन स्थान है।

#### भाग्यशाली विजेताओं ने जीते उपहार

19 अक्टूबर को इस ऑफर का तीसरा ड्रा निकाला गया, जिसमें भाग्यशाली विजेताओं में निखिल अग्रवाल को फ्रिज और शिवम अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, अंकित जी, मीरा अग्रवाल, तथा राहुल अग्रवाल को सूटकेस ट्रॉली जैसे गिफ्ट्स मिले। इस ड्रा के लिए उपस्थित अतिथियों में उत्साह और हर्ष का माहौल देखा गया ।

### उड़ान और विक्ट्री के ई-रिक्शा लोडर शोरूम का भव्य शुभारंभ



**बिलासपुर।** पर्यावरण की रक्षा के लिए ई व्हीकल को भारत सरकार बढ़ावा दे रही है। इसी लक्ष्य को प्राप्त करने देश की अग्रणी ई रिक्शा की निर्माता कंपनी उड़ान व विक्ट्री के पर्यावरण हितैषी प्रोडक्ट ई रिक्शा एवं स्कूटर के शोरूम का शुभारंभ रविवार को हुआ।

इस अवसर पर सिटी सेंटर कॉम्प्लेक्स, शिव टॉकीज के पास उड़ान और विक्ट्री ई-रिक्शा और स्कूटर के अधिकृत विक्रेता और डायरेक्टर नासिर नवाब खान ने बताया कि इन ई-वाहनों की विशेषता उनकी जंगरोधी स्टेनलेस स्टील बॉडी और बेहतरीन बैटरी वारंटी है, जो 15 महीने से 2 वर्ष तक है। उन्होंने बताया कि उड़ान और विक्ट्री के ई-रिक्शा में शानदार माइलेज और कीमतों का मुकाबला अन्य वाहनों से किया जा सकता है, जबकि गुणवत्ता में ये सबसे आगे हैं। ई-लोडर में हाफ डाला, फुल डाला और कैबिनेट डाला विकल्प उपलब्ध हैं, साथ ही 2, 4, 6, 8 और 12 सीटर वाहन भी मौजूद हैं। इनकी अधिकतम स्पीड 35 किलोमीटर प्रति घंटा है, जिससे आरटीओ लाइसेंस की आवश्यकता नहीं पड़ती।

#### 50 भाग्यशाली ग्राहकों मिलेंगे बड़े उपहार

इस शुभारंभ पर कंपनी ने लकी ड्रा का आयोजन भी किया, जिसमें पहले 50 भाग्यशाली ग्राहकों को ई-स्कूटर, होम थिएटर, इंडक्शन कुकटॉप, मिक्सर ग्राइंडर, साइकिल, माइक्रोवेव ओवन, स्मार्टफोन और अन्य उपहार दिए जाएंगे। शोरूम के शुभारंभ के अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ गणमान्य अतिथियों ने हर्ष के साथ भाग लिया।

जानकारी के अभाव में कई परिवार बच्चों का इलाज नहीं करवा पाते

## विकलांगता से बाहर लाकर सिम्स ने बनाया कीर्तिमान, 300 बच्चों को दिया जीवनदान

**बिलासपुर।** संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल सिम्स लोगों के लिए उम्मीद का केन्द्र बन रहा है। जटिल आपरेशन और इलाज कर अबतक 300 बच्चों को जीवनदान दिया गया है। यह सभी बच्चे क्लब फुट (टेढ़े मेढ़े) पैर से परेशान थे, इस तरह की विकलांग को दूर कर सिम्स के डाक्टरों ने नया कीर्तिमान बनाया है।

सिम्स के हड्डी रोग विभाग के प्रमुख, डॉ. दीपक जांगड़े और उनकी टीम ने 300 क्लब फुट (टेढ़े मेढ़े) पैरों वाले बच्चों का सफल इलाज कर सिम्स के प्रति लोगों का विश्वास जगाया है। अब तक मौजूद आंकड़ों के अनुसार पूरे संभाग के लिए गर्व का विषय बन चुका है। डॉ.जांगड़े बताते ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात विकार है, जिसमें बच्चे के एक या दोनों पैरों में टेढ़ापन होता है। कई बार जानकारी के अभाव में परिजन बच्चे इसका इलाज नहीं करवा पाते हैं, जिससे ताउम्र बच्चों को विकृति झेलनी पड़ती है। सिम्स में ऐसे बच्चों का सफल इलाज शुरू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 300 बच्चों का जीवन स्तर सुधरने लगा है। इस सफलता पर सिम्स के डीन डॉ. रामनेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. बीपी सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, और डॉ. भूपेंद्र कश्यप ने हड्डी रोग विभाग और अन्य डॉक्टरों को बधाई दी है।

#### हर दिन आते हैं ऐसे मरीज

डाक्टर ने बताया कि जन्म से 2 वर्ष तक के बच्चों को 4-5 प्लास्टर लगाकर और फिर छोटे ऑपरेशन के माध्यम से जूते पहनाए जाते हैं, जिससे पैर पूरी तरह से सीधा हो जाता है। हर दिन सिम्स की ओपीडी में 1-2 बच्चे आते हैं। इलाज में विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश नहरेल और उनकी टीम का विशेष योगदान है, जो बच्चों की जांच कर हड्डी रोग विभाग में भेजते हैं। यहां डॉ. ए.आर. बेन के मार्गदर्शन में बच्चों का निशुल्क प्लास्टर और ऑपरेशन किया जाता है।

#### डाक्टर की टीम रहती है तैनात

इलाज के दौरान सिम्स के अलग-अलग डिपार्टमेंट के एचओडी और डाक्टर मिलकर सर्जरी और इलाज को अंजाम देते है। इसमें प्रमुख तौर पर डॉ. ए.आर. बेन, डॉ. राकेश नहरेल, डॉ. संजय घिल्ले, डॉ. तरुण ठाकुर, डॉ. अविनाश अग्रवाल, डॉ. सागर, डॉ. सुभम, निश्चेतना विभाग के डॉ. भावना रायजादा और डॉ. प्रशांत पैकरा, साथ ही सिस्टर बहादुर, योगेश्वरी, ऋतू, और छनु का विशेष योगदान रहा है। उनकी मेहनत से यह मुकाम संभव हुआ है।

### भाजपा सदस्यता अभियान में नगर विधायक अमर बने सक्रिय सदस्य



**बिलासपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में नगर विधायक अमर अग्रवाल ने आज अपने निवास कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत के समक्ष सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। सक्रिय सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री अग्रवाल ने कहा भाजपा में सक्रिय सदस्यता का अर्थ है, पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति एक नई जिम्मेदारी उठाना। यह पार्टी को मजबूत करने के लिए समर्पण और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। श्री अग्रवाल ने कहा सक्रिय सदस्यता ग्रहण कर मैं अपने आपको पार्टी और जनसेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित करता हूं। हमारा उद्देश्य पार्टी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है।"कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, मंडल अध्यक्ष अजीत भोगल और वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण कश्यप भी उपस्थित रहे।

फाइनल में देवरी बालोद को 33-31 से हराया

## चिंगराजपारा ने जीता कबड्डी स्पर्धा का खिताब

**बिलासपुर।** कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में देवरी बालोद की पुरुष कबड्डी टीम को रोमांचक 33-31 के स्कोर से हराकर खिताब अपने नाम किया।

यह प्रतियोगिता एक दिवसीय थी, जिसका आयोजन अमलेश्वरडीह, रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से लगभग 56 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला चिंगराजपारा और देवरी बालोद के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। सेमीफाइनल में, चिंगराजपारा ने परतेवा को 43-23 के एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विजेता टीम चिंगराजपारा को मुख्य अतिथि द्वारा 21,000 रुपए और ट्रॉफी से नवाजा गया, जबकि द्वितीय स्थान पर रही देवरी बालोद टीम को 15,000 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई।

प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार बिलासपुर के अजय मरावी को रेंजर स्पोर्ट्स साइकिल और मेडल के साथ दिया गया, जबकि बेस्ट डिफेंडर मनीष यादव को 1,000 रुपए और मेडल से सम्मानित किया गया।इन खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों पर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के कोषाध्यक्ष अवध राम चंद्राकर, कबड्डी प्रीमियर लीग के चेयरमैन हेमंत यादव, जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष जीवन मिश्रा, सचिव प्रदीप यादव, जिला रेफरी बोर्ड के चेयरमैन हरबंस कस्तूरिया, और वरिष्ठ कबड्डी प्रशिक्षक पुन्नी लाल साहू ने खिलाड़ियों के भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।



#### विजेता टीम में शामिल खिलाड़ी

मनीष यादव (कप्तान), अजय मरावी, नितेश साहू, आर्यन यादव, हेमंत कैवर्त, लखन साहू, मूलचंद साहू।

अनुज ने 85 व ऋषभ ने खेली 64 रनों की पारी

## राजनांदगांव को हरा बिलासपुर फाइनल में

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलीट ग्रुप वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 20 अक्टूबर को धमतरी के मैदान पर बिलासपुर और राजनांदगांव के बीच खेला गया।

- रायपुर से होगा फाइनल मुकाबला कल

बिलासपुर के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अनुज चंद्रा और ऋषभ शर्मा के बीच 143 रनों की शानदार साझेदारी की बदौलत बिलासपुर ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 292 रन बनाए। अनुज चंद्रा ने 94 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 85 रन बनाए, जबकि ऋषभ शर्मा ने 64 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की सहायता से 64 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान आदित्य श्रीवास्तव ने 47 और आर्यन जायसवाल ने नाबाद 25 रन का योगदान दिया। राजनांदगांव की गेंदबाजी में युक्तिग्य, तीर्थ, कृष्णम और संयम ने दो-दो विकेट चटकाए। बाद में, राजनांदगांव ने 293 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट खोकर केवल 217 रन बनाए। कप्तान बी बालाजी राव ने 77 रन बनाए, जबकि उपेंद्र मरकाम ने नाबाद 29 और श्लोक चचाने ने 23 रन का योगदान दिया।



बिलासपुर की ओर से उत्कृष्ट तिवारी ने 10 ओवर में 29 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि अयान उपाध्याय, मोहम्मद साद और क़ासिम मोहम्मद ने एक-एक विकेट हासिल किया। इस प्रकार, बिलासपुर ने राजनांदगांव को 74 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बिलासपुर का फाइनल मैच 22 अक्टूबर को रायपुर के खिलाफ राजनांदगांव के मैदान में होगा। बिलासपुर के कोच सुशांत शुक्ला और एस जावेद की मेहनत के परिणामस्वरूप टीम ने इस उपलब्धि को हासिल किया है।

## खबर संक्षेप

### राजमिस्त्री की मौत ठेकेदार पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान पैर फिसल जाने से एक राजमिस्त्री की नीचे गिरने से मौत के मामले में पुलिस जांच के बाद ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। ज्ञात हो कि 9 अक्टूबर को कतियापारा निवासी उत्तम केंवट 30 साल अन्य साथियों के साथ करबला में निर्माणाधीन मकान के तीसरे मंजिल में काम कर रहे थे। इसी दौरान पैर फिसल जाने से उत्तम बिजली तार से टकराकर नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। 20 अक्टूबर को कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार गणेश केंवट के खिलाफ धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रोशनदान तोड़कर दो दुकानों में चोरी

**बिलासपुर।** रोशनदान का ग्रिल तोड़कर दो दुकानों से नकद रकम व सामान की चोरी कर ली गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, आर्शीवाद वैली बोदरी निवासी प्रांशु रावलानी पिता मनोज रावलानी की तिफरा काली मंदिर के पास कपड़ा दुकान है। 19 अक्टूबर की रात 10 बजे वे दुकान बंद कर घर चले गए। 20 अक्टूबर की सुबह 10 बजे उन्होंने दुकान खोला तो सामान बिखरे पड़े थे और गल्ले से 8 हजार रुपए नकद व कपड़े का सामान चोरी कर लिया गया था। दुकान के रोशनदान का ग्रिल टूटा हुआ था। वहीं उनके बाजू में राजेश छाबड़ा की दुकान से रोशनदान का ग्रिल तोड़कर गल्ले से 5 हजार रुपए नकद, कपड़ा, जूता, चप्पल चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने श्री रावलानी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सुरक्षा के लिए लगाए गए ग्रिल गायब



**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक से व्यापार विहार रोड में भारी वाहनों के आवागमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के उपाए किए थे। सड़क के बीचों बीच लोहे का ग्रिल लगाया गया था। साथ ही सड़क पर हरियाली रहे इसके लिए पौधे रोपे गए थे। जिससे सड़क की सुंदरता और भी बढ़ गई थे। लेकिन, सुरक्षा के बेहतर इंतजाम न किए जाने के कारण कई स्थानों से लोहे के ग्रिल गायब हो चुके हैं। सैकड़ों की संख्या में लगाए गए स्ट्रीट लाइट फ्यूज हो चुके है। जो लोगों के लिए खतरनाक साबित होता जा रहा है।

### हर सड़क पर फल ठेला से लगता है जाम



**बिलासपुर।** पुराना स्टैण्ड चौक के पास फल विक्रेताओं द्वारा ठेला लगाने से घंटों जाम लगा रहता है, जिसके कारण तेलीपारा रोड, शिव टाकीज रोड, सीएमडी कॉलेज चौक, अग्रसेन चौक जाने वाले वाहन चालक अक्सर परेशान रहते हैं। वहीं इमलीपारा रोड पर निर्माण कार्य होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। करबला रोड व तेलीपारा रोड पर दर्जनों की संख्या में फल दुकान देखे जा सकते हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर चलानी कार्रवाई करती है। इसके बाद भी लोगों को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। वाहन चालक आए दिन जाम में फंसने को मजबूर है।

अक्टूबर में कार्य पूरा होने का दावा, ठेकेदार की लापरवाही से हो रही देरी

निगम में शामिल होने के बाद भी अव्यवस्था, अवैध दुकानों ने राजस्व में लगाया बट्टा

# 2 करोड़ खर्च, नहीं सुधर रही हालत, बदहाल बस स्टैंड में कचरे का ढेर

**बिलासपुर।** हाईटेक बसस्टैंड में निर्माण कार्य जारी है, लेकिन इस दौरान यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं को दरकिनार कर दिया गया है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं और बसस्टैंड में अवैध तरीके से गुमटी और ठेले लगाए जा रहे हैं, जिससे बस संचालकों के साथ ही यात्रियों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, खास बात यह है कि निगम में शामिल होने के बाद 2 करोड़ खर्च कर कई निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें अब विलंब हो चुका है।

हाईटेक बस्टैंड की बदहाली सुधारने के लिए निगम द्वारा एलीवेशन, ड्रेनेज, सफाई, मरम्मत और अन्य कार्य में 2 करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं। अक्टूबर में निर्माण कार्य खत्म होने का दावा अधिकारियों ने किया था, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते निर्माण में देरी हो रही है। दूसरी ओर यात्रियों को मिलने वाली सुविधा की दरकार है। सबसे बड़ी समस्या नियमित और सही सफाई होने की है, परिसर के साथ ही पूरे बस स्टैंड में गंदगी दिखाई देती है, पानी पाउच, गुटखा पाउच से कई कोने पटे पड़े हैं। इसके साथ ही निर्माण के दौरान निकले मलबे को परिसर में ही डंप कर दिया गया है, जिसमें पान और गुटखे की पीक पड़ रही है। खास बात यह है निगम प्रशासन के पास स्टाफ की कमी है, जिसके चलते बसस्टैंड में संचालित निर्माण कार्य की गुणवत्ता की मानिटरिंग ही नहीं हो रही है।





**यात्रियों की सुविधाओं का अभाव:** यात्रियों के बैठने की व्यवस्था नहीं है। जिन कांक्रीट की चेयर को यात्रियों के बैठने के लिए बनाया गया है, उसमें बस संचालक और ट्रैवल एजेंट का कब्जा है, ऐसे में दूर दराज से आए यात्रियों को फर्श पर बैठना पड़ता है। वहीं ट्रैवल एजेंटों के द्वारा गुंढागर्दी करते हुए लोगों से हुज्जतबाजी भी की जाती है, जिसकी शिकायत कई बार थाने में की गई है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती है।

### परिसर में अवैध दुकानें और कब्जा

बसस्टैंड की सड़क पर 30 से अधिक गुमटी की दुकानें लगी हैं, जो पूरी तरह से अवैध हैं। इस गुमटियों को हटाने की कवायद करते अधिकारी भी थक चुके हैं। बताया जा रहा है कि अब इनके शिफ्टिंग की योजना बनाई गई है। पुरानी पानी टंकी के पास ही इन्हें शिफ्ट किया जा सकता है। इसके साथ ही परिसर में 19 दुकानों में रसूखदारों ने कब्जा जमा लिया है, जिसे हटाने के लिए एमआईसी में प्रस्ताव भेजा गया है। इसका निर्णय भी लंबित है।

### निर्माण कार्य जारी

निर्माण कार्य जारी है, कुछ ही दिनों में बसस्टैंड का कायाकल्प हो जाएगा। कचरे साफ किए जाते हैं, लेकिन निर्माण कार्य चल रहा है तो कुछ जगहों पर ठेकेदार द्वारा मलबा रखा होगा। निरीक्षण कर उसे तत्काल हटाने के लिए कहा जाएगा।

**-प्रवेश कश्यप,** जोन कमिश्नर, तिफरा

बसंत विहार चौक, सेंट फ्रांसिस चौक, मंगला चौक, पुराना बस स्टैंड चौक में हर वक्त जाम

# 4 बाइपास सड़कें नहीं बनीं, ट्रैफिक प्लान पर भी काम ठप, शहर में कई जाम पाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते 3 वर्षों में शहर में एक लाख से अधिक चार पहिया वाहनों की बढ़ोतरी हुई है, इससे ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है, समस्या दूर करने निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्ल्यडी ने शहर के अंदर से चार बाइपास सड़कों के निर्माण की योजना बनाई थी। इसमें से दो पर काम चल रहा है, लेकिन गति धीमि है, वहीं दो सड़कें फाइलों में दबकर रह गई हैं। बाइपास कनेक्टिविटी नहीं होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। मरीमाई मंदिर रोड का काम रुका पड़ा है। लिंक रोड से दीप होटल जाने वाली सड़क भी नहीं बन सकी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। बसंत विहार चौक में जाम लगता है, वहां से अपोलो जाने वाले रास्ते में एक सड़क बननी थी जिस पर अभी काम शुरू नहीं हो सका है।

- **निगम और पीडब्ल्यूडी ने चौड़ीकरण के लिए बीते 15 वर्षों में एक बार भी बेहतर प्रयास नहीं किया**

शहर में एकाएक कई जाम पाइंट तैयार हो गए हैं। कहीं बेवजह सिग्नल लगाने से तो कहीं सिग्नल नहीं लगाने से। परेशानी इतनी की लोगों का रोजाना एक से दो घंटा इसके कारण बरबाद हो रहा है। दरअसल शहर में सड़कों के चौड़ीकरण के लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी ने बीते 15 वर्षों में एक बार भी बेहतर प्रयास नहीं किया है। वर्तमान में शहर में जिनती सड़कें हैं, वह पुरानी है। इन सड़कों के सौंदर्यीकरण का ही प्रयास हुआ है। शहर के कोन्हेर गार्डन से लेकर गांधी चौक तक की सड़क सबसे संकरी है। इस सड़क पर सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक जाम की स्थिति रहती है। यहां संभाग के सबसे पुराने बाजारों में शनिचरी कपड़ा मार्केट, गोल बाजार, सदर बाजार,सराफा मार्केट मुख्य है। खरीदारी का सबसे बड़ा क्षेत्र होने के बाद भी यहां की सड़कों और तंग गलियों का विकास नहीं हुआ है। रिंग रोड पर मुंगेली जाने वाली बसें मुड़ती हैं, वहां दिन में 15 बार जाम लग रहा है। उसके आगे सेंट फ्रांसिस स्कूल के बाहर वाले चौक पर आधे घंटे तक जाम रहता है। बसंत विहार चौक, पुराना बस स्टैंड चौक में हर वक्त जाम लगा रहता है।



बृहस्पति बाजार में अधिकतर समय जाम लगा रहता है। अब लोग यहां से गुजरने से परहेज करने लगे हैं।

### यह है हालत

**मंगला चौक-** मंगला चौक और और इसके करीब रिंग रोड से मुड़कर मुंगेली जाने वाले मार्ग पर सुबह से लेकर शाम तक जाम रहता है। बंद पड़ी पुलिस सहायता केंद्र सड़क पर ही बनाई गई थी जिसे हटा दिया गया है। इसके बाद से पुलिस व ट्रैफिक के जवान नदारत रहते हैं।

**सेंट फ्रांसिस स्कूल चौक-** शहर का यह नया जाम पाइंट है। रिंग रोड पर यहां से नेहरू नगर, घुरू अमेरी जाने का रास्ता है। इसमें स्कूल है और दिनभर हजारों गाड़ियां चलती है। इससे इस चौक पर दिन में करीब 10 से 15 बार जाम लगती है। यहां ट्रैफिक पुलिस नहीं होता है।

**पुराना बस स्टैंड चौक-** पुराने बस स्टैंड पर आए दिन होने वाले नए प्रयोगों से लोग परेशान है। जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। सड़क पर दिन रात ऑटो खड़ी रहती है। अभी यहां सिग्नल लगा दिया गया है। इससे जाम और हो रहा। इमलीपारा से होकर राजस्थान जलेबी की तरफ से बस स्टैंड जाने वाला रास्ता बंद कर दिया गया है।

**बसंत विहार चौक-** यहां के जाम से निपटने के लिए कोई योजना तैयार नहीं हो सकी है। अपोलो जाने वाले रास्ते में एक सड़क बननी थी जिस पर अभी काम शुरू नहीं हो सका है। सबसे अधिक परेशानी शाम को होती है। इसके अलावा ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, लोयला स्कूल के साथ दूसरे स्कूल एक साथ छूटते हैं तो गाड़ियों की कतार लग जाती है।

### 3 किमी की दूरी तय करने में आधा घंटा

शहर की संकरी सड़कों और तंग गिलियों के कारण लगातार लोग परेशान हो रहे हैं। सिम्स चौक से गांधी चौक की दूरी करीब 3 किलो मीटर है, लेकिन यहां से दिनभर में 3 लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। दिन में इस सड़क पर लगातार जाम की स्थिति रहती है। 3 किलो मीटर की दूरी तय करने में कार चालकों को एक घंटा लग रहा है। त्यौहारी सीजन में खासकर शहर की सड़कों पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। संभाग के सबसे बड़े बाजार यहां होने के कारण बड़े व्यापारी खरीरदारी करने शहर आते हैं। त्यौहार में खरीदारी करने और फुटपाथ पर छोटी दुकानें लगाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर जाम लगता है और लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं।

### किया जा रहा है काम

मुख्य सड़कों से ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए ही शहर के बीच से बाईपास सड़कों की योजना तैयार की गई है। मरीमाई मंदिर वाली सड़क का काम जारी है। इमलीपारा वाली सड़क से कब्जा हटाते हुए इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है। दूसरी सड़कों पर भी जल्द ही टेंडर करते हुए काम शुरू किया जाएगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम



हादसे के बाद घटना स्थल पर उमड़ी लोगों की भीड़।

# ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक सवार दो लोगों की मौत

**बिलासपुर।** बेलगाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

पचपेड़ी पुलिस के अनुसार, रविवार को शिवरीनारायण धरदेई निवासी आदित्य पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल 23 साल गांव के चंदनराम साहू 63 साल के साथ बाइक में सहसा आए थे। उसके बाद दोनों बाइक से जोंधरा की ओर जा रहे थे। ग्राम सोनसरी सूरज ढाबा के पास सामने से आ रहे बिना नम्बर के ट्रैक्टर के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सहित गिर गए। दोनों के ऊपर से चक्का चढ़ जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कुछ दूर में ड्राइवर गाड़ी खड़ीकर भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर फरार ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ट्रांसफार्मर को टक्कर मारकर महिला को रौंदा



रतनपुर टीआई रजनीश सिंह ने बताया, सिलदहा निवासी अमर बाई बिंझवार की बेटी की गुजरात में ससुराल है। उनकी बेटी का बच्चा होने वाला है। रविवार को वे अपनी बेटी के ससुराल गुजरात जाने के लिए बेटा पंकज कुमार बिंझवार के साथ खंडोबा मंदिर के पास खड़े होकर बस के आने का इंतजार कर रहे थे। सुबह लगभग 9 बजे रतनपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएम, 0569 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे ट्रांसफार्मर को टक्कर मार दी और अमर बाई को चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल में हड़कंप मच गया। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# समय पर नहीं आने वाले डाक्टरों पर बरसे सीएस, लामबंद हुए डाक्टर

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में समय पर उपस्थित नहीं होने वाल डाक्टरों को फटकारते हुए सिविल सर्जन ने रवैया सुधारने की हिदायत दी है, जिसके बाद कई डाक्टर लामबंद हो चुके हैं। दरअसल जिला अस्पताल में डाक्टरों की कमी है, वहीं डाक्टरों से पोस्टमार्टम, नाइट ड्यूटी, वीआईपी ड्यूटी, सीएससी और पीएससी में ड्यूटी कराई जाती है, जिसके चलते बायोमेट्रिक रिकार्ड में उनकी उपस्थिति दर्ज होने में अनियमितता पाई जा रही है, जिसे लेकर अब विवाद की स्थिति बनने लगी है।

यह पूरा मामला तीन माह के भीतर बायोमेट्रिक अटेंडेंस के रिकार्ड के बाद उपजा है। हाल ही में सिविल सर्जर डा अनिल गुप्ता ने बायोमेट्रिक रिकार्ड की जांच की है, जिसमें जिला अस्पताल में पदस्थ सिनियर डाक्टर के साथ ही संविदा तौर पर ड्यूटी दे रहे हैं, डाक्टरों के ड्यूटी समय में परिवर्तन दिखाई दे रहा है। वहीं बायोमेट्रिक रिकार्ड में कई डाक्टर शाम के समय अनुपस्थित भी पाए गए हैं। जिसके बाद सिविल सर्जन ने सभी को सबब सिखाते हुए फटकार लगाई है, लेकिन अब यह विवाद का रूप ले चुका है। डाक्टरों का कहना है कि सिविल सर्जन मनमानी पर उतर आए है, जबकि उनके ही आदेश के बाद डाक्टरों की ड्यूटी जेल, वीवीआईपी और अन्य जगहों पर लगाई जाती है, निर्धारित अवधि से अधिक ड्यूटी कराई जा रही है, ऐसे में डाक्टरों को बायोमैट्रिक आधार पर अटेंडेंस देने का आदेश दिया जा रहा है, जिससे ड्यूटी करने में असुविधा होना तय है। डाक्टरों ने सिविल सर्जन के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही है।



### लिफ्ट भी बंद

जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल की लिफ्ट कई महीनों से बंद है, अब तक एक ही लिफ्ट से काम चलाया जा रहा था, लेकिन शनिवार से यह भी बंद है।

### रेडियोग्राफर को सिम्स प्रबंधन ने किया रिलीव

**बिलासपुर।** सिम्स ने रेडियोग्राफर तुला चंद टांडे का प्रशासनिक आधार पर स्थानातंरण होने के कारण शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के लिए रिलिव कर दिया है। ज्ञात हो कि रेडियोग्राफर का ट्रांसफर आदेश 27 सितंबर 2022 को ही जारी कर दिया गया था, लेकिन तत्कालीन अधिकारियों ने उन्हें रिलीव नहीं किया था। राजनांदगांव स्थित स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में काफी दिनों से रेडियोग्राफर की पदस्थापना नहीं हो सकी है, जिसके चलते मरीजों को परेशान होना पड़ता है। सिम्स में पदस्थ रेडियोग्राफर तुलाचंद टांडे का ट्रांसफर दो साल पहले ही कर दिया गया था, वहीं सिम्स में 18 रेडियोग्राफर पहले से ही मौजूद थे, साल भर पहले डीएमई ने रेडियोग्राफर का कार्यआदेश रायगढ़ मेडिकल कालेज के लिए कर दिया था, लेकिन कोर्ट का स्टे होने के कारण रेडियोग्राफर को रिलीव नहीं किया गया, हाल ही में कोर्ट ने स्टे हटा दिया है, जिसके बाद सिम्स प्रबंधने उसे रिलीव कर दिया है।

# जेल से छूटने वाले आरोपियों की पुलिस ने की सरप्राइज चेकिंग

**बिलासपुर।** पुलिस ने जेल से जमानत पर छूटने वाले आरोपियों के घरों में दबिश देकर सरप्राइज चेकिंग की गई। उन्हें आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी दी गई है।

एसपी रजनेश सिंह के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने वाले गुण्डा बदमाशों की लगतार सरप्राइज चेकिंग कराई जा रही है। धारदार हथियार मिलने पर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। रविवार को एसपी श्री सिंह के निर्देश पर सिविल लाइन, तारबाहर, कोतवाली, तोरवा, सरकण्डा, सकरी, सिरगिट्टी थानेदारों ने बल के साथ जमानत में जेल से छूटे अपराधियों के घरों में दबिश देकर जांच की।

इस दौरान जेल से छूटे करीब 20 अपराधियों की जांच की गई है। बहरहाल जांच में कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला है। पुलिस अधिकारियों ने अपराधियों को अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की हिदायत दी गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# लेनदेन की शिकायत आरक्षक लाइन अटैच, थानों की सिविल टीम भंग

**बिलासपुर।** वाइस रिकार्डिंग के साथ लेनदेन की शिकायत पर एसपी ने सिरगिट्टी थाने के आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

रविवार को सिरगिट्टी थाने में पदस्थ आरक्षक सज्जूअली थाने की सिविल टीम में बिना वर्दी के अपराधियों की धरपकड़ कर रहा था। उसकी वाइस रिकार्डिंग के साथ अवैध वसूली की शिकायत की गई। एसपी रजनेश सिंह ने उक्त आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। बताया जाता है उक्त आरक्षक सिरगिट्टी क्षेत्र के एक व्यक्ति से थाने से मामला रफादफा करने के एवज में 40 हजार रुपए की मांग कर रहा था। उक्त व्यक्ति ने आरक्षक से हुई बातचीत रिकार्ड कर ली थी। ज्ञात हो कि उक्त आरक्षक इसके पूर्व भी शहर के कई थानों से अवैध उगाही की शिकायत पर हटाया गया था। शहर के सभी थानों में अपराधियों की धरपकड़ के लिए सिपाहियों की पृथक से सिविल टीम बना ली गई थी। एसपी श्री सिंह ने सभी थानों की सिविल टीम को भंग कर दिया है।

# देर रात बीयर बारों में पुलिस का छापा संदिग्धों लोगों की कर रहे जांच

**बिलासपुर।** बीती रात पुलिस अधिकारियों ने बल के साथ शहर के बीयर बारो में दबिश दी गई। पुलिस को देखकर बारों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बार में संदिग्ध युवकों की तलाशी ली, किन्तु कोई भी आपत्तिजन सामान नहीं मिला है।

बीयर बार में मारपीट व चाकूबाजी की वारदात को देखते 19 अक्टूबर की रात एएसपी उमेश कश्यप, सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, कोतवाली सीएसपी, सरकण्डा सीएसपी ने बल के साथ सिविल लाइन व तारबाहर, सरकण्डा क्षेत्र के बीयर बारों में दबिश दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के देखा गया कि बारों में नाबालिगों को एंट्री तो नहीं दी जा रही है। वहीं बारों में संदिग्ध रूप से नजर आने वाले युवकों को पकड़कर उनकी तलाशी ली गई। बहरहाल में जांच में किसी के पास से हथियार बरामद नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने बार संचालकों व मैनेजरों को समय पर बार बंद करने की हिदायत दी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

20-OCT-REGNOL-pg-3-ALTAR_Layout 1 10/21/2024 12:19 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### डीएवी गोढ़ी में चला साइबर जागरूकता अभियान



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में शासन के निर्देशानुसार एवं थाना प्रभारी बिल्हा के मार्गदर्शन में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएन पाण्डेय ने कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट का प्रयोग हर क्षेत्र में हो रहा है। इसके साथ ही एक नया अपराध का स्वरूप उभर कर आया है जिसे हम ₹साइबर अपराध₹ के नाम से जानते हैं। साइबर अपराध आधुनिक समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिससे निपटने के लिए सरकार, संगठनों, और व्यक्तियों को मिलकर प्रयास करना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि हम इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहें, साइबर सुरक्षा उपायों को अपनाएं, और साइबर अपराधियों को रोकने के लिए कड़े कानूनों का पालन करें।

### एनसीसी का प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय में



**मल्हार।** 7वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बिलासपुर द्वारा 10 दिवसीय वार्षिक शिविर प्रशिक्षण का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार से प्रारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल लोकेश देव के निर्देशन व मार्गदर्शन में छात्र क्रेडेट को दिया जाने वाला यह वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 29 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के पहले दिन शिविर में शामिल होने आए सभी छात्र केडेट्स के दस्तावेज परीक्षण जांच कराया गाय। शिविर में बिलासपुर से कुल 400 कैडेट में शामिल हुए है। दस्तावेज परीक्षण के लिए सूबेदार, मेजर, इस दस दिवसीय शिविर में छात्रों को पीटी, ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फायरिंग, फील्ड क्रॉप एवं बैटल क्रॉप, के अलावा एनसीसी पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों की जानकारी व प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### डिंडौरी में कौशल विकास पखवाड़ा शिविर का आयोजन




**लोरमी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत ग्राम डिंडौरी में कौशल विकास पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाया। शिविर में कौशल प्रशिक्षण से संबंधित पंजीयन, आधार पंजीयन, श्रम कार्ड पंजीयन, रोजगार पंजीयन, स्वास्थ्य चेकअप उद्योग विभाग, अंत्यावसायी विभाग, लीड बैंक, पुलिस विभाग, आदिम जाति विभाग, शासकीय आईटीआई मुंगेली, पथरिया, लोरमी, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मुंगेली एवं अन्य विभागों ने लगभग 856 हितग्राहियों को लाभांवित किया। डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने बताया कि कौशल पखवाड़ा कार्यक्रम में कौशल प्रशिक्षण से संबंधित पंजीयन 590, जिसमे से 386 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत फॉर्म प्राप्त हुआ और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 204 हितग्राहियों के फॉर्म प्राप्त हुए। अन्य विभाग से आयुष्मान कार्ड-18, रोजगार पंजीयन - 01 श्रम पंजीयन -29, चिप्स -14 ग्रामीण बैंक-24 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक कोमल गिरी गोस्वामी, प्रदीप मिश्रा, महाजन जायसवाल, ललित वैष्णव सरपंच ग्राम पंचायत नवागांव दयाली, संजीव शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत डिंडौरी, पी. आर.घृतलाहरे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### सिंगरौल समाज की अर्धवार्षिक बैठक में वार्षिक अधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा



**तखतपुर।** सिंगरौल समाज की अर्धवार्षिक बैठक ग्राम पंचायत खैरी में आयोजित की गई जिसमे सिंगरौल समाज की पूर्व बैठक की समीक्षा, वार्षिक अधिवेशन 2025 के बैठक की तैयारी, तखतपुर में कुर्मी छात्रावास भवन, समाज के उत्थान, छात्र-छात्राओं को को प्रोत्साहित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में रामू सिंगरौल, रतन लाल सिंगरौल, बालाराम सिंगरौल, हरिराम, बलिराम सिंगरौल, जयप्रकाश सह सचिव,देवा सिंगरौल, संतोष सिंगरौल, गोविंद सिंगरौल, गोपीराम सिंगरौल ,चिंताराम,कार्तिक,ठाकुरराम, होरीराम सिंगरौल उपस्थित रहे ।

## निर्जला उपवास रखकर की अखंड सुहाग की कामना

# पति के हाथों पानी पीकर महिलाओं ने तोड़ा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

पति की लंबी आयु के लिए सुहागन महिलाओं ने करवा चौथ का निर्जला व्रत धारण किया। महिलाएं करवा चौथ से संबंधित करवा को लेकर माता करवा के साथ मंदिरो और घरों में पूजा अर्चना की। सुहागन महिलाओं के लिए यह करवा चौथ का व्रत खास होता है।

रात में चांद की पूजा अर्चना कर चलनी से चांद को देखकर पति के हाथों पानी पीकर व्रत का पारण किया गया। निक्की अनिल सलूजा ने बताया कि करवा चौथ का व्रत किसी एक महिला नहीं बल्कि सारी भारतीय महिलाओं के लिए खास है। यह मान्यता है पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखा जाता है। करवाचौथ व्रत रखने से पति के जीवन में किसी भी तरह के कष्ट नहीं आते हैं। करवा चौथ के व्रत की शुरुआत महिलाये हाथों में मेहंदी लगाकर सुबह चार बजे सरगी खाकर करती हैं। महिलाएं सोलह श्रंगार कर करवाचैव माता की पूजा करती हैं। पूजा के बाद चंद्रमा को अर्ध्य देने के बाद व्रत खोलती है।



### सुहागन महिलाओं ने मनाया करवाचौथ



**मुंगेली।** नगर सहित अंचल में करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मनाया। सुहागनों ने अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा और चन्द्रोदय के समय पूजा अर्चना और साज श्रृंगार कर व्रत संपन्न किया। आस्था और विश्वास का प्रतीक माने जाने वाले इस पर्व को महिलाओं ने दिन भर निर्जला उपवास रख रात्रि में पूजा अर्चना कर पूर्ण किया। व्रती महिला सावित्री, मंजूरानी ने बताया कि करवा चौथ के दिन यह व्रत सूर्योदय से पहले शुरू होकर रात में चंद्रमा के दर्शन तक पूरा होता है। पति के दीर्घायु और अखंड सौभाग्य के लिए निराहार उपवास रखकर शाम को पूजा-अर्चना की जाती है। इस व्रत को आजीवन भी किया जाता है। चांद की सुंदरता को नजर ना लगे इसलिए छलनी का इस्तेमाल करते हैं।

## छोटा डॉन के नाम से कुख्यात है आरोपी

# पंचायत सचिव के घर में चोरी, आरोपी पकड़ा गया



**जरहागांव।** कोतवाली पुलिस ने पंचायत सचिव के घर में चोरी करने वाले बदमाश भरत लाल कुर्रे उर्फ छोटा डॉन निवासी रेघुटा मुंगेली को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी को अनुसार भरतलाल निगरानीशुदा बदमाश है जिस पर मुंगेली तथा आसपास के थानों में चोरी एवं नकबजनी के कई अपराध पंजीबद्ध हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान हीरो एक्स्ट्रीम बाइक में सवार एक संदिग्ध व्यक्ति अमहा तालाब के पास मिला जो अपनी बाइक में चोरी का सामान रखा हुआ था। पूछताछ पर वह पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करने लगा। संदिग्ध जवाब के कारण उसे पकड़कर जरहागांव थाना लाया गया और कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रेघुटा मुंगेली निवासी भरत लाल कुर्रे उर्फ छोटा डॉन बताया। गश्त के दौरान पुलिस ने उनके पास बहुत सारा सामान देखा तो उसे पकड़कर कर थाना लाया गया और कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त समान की चोरी करने की बात स्वीकार की। मिली जानकारी के अनुसार फुलवारी पंचायत सचिव महेंद्र साहू के सूने मकान से वह पीतल के बर्तन व नगदी रकम चुरा कर भाग रहा था, उसी समय पुलिस ने चोर को धर दबोचा। आरोपी भरत लाल कुर्रे उर्फ छोटा डॉन के खिलाफ धारा 305(ए)331,(4,) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई



**लोरमी।** ग्राम शिकारीडेरा में छापेमार कार्रवाई कर आबकारी विभाग ने 300 लीटर कच्ची शराब एवं 2550 किलो महुआ लाहन जब्त किया है। इस कार्रवाई से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठ रहे हैं क्योंकि पिछले दो वर्षों में विभाग ने गांव में तीसरी बड़ी कार्रवाई की है जिसमें सैकड़ो लीटर अवैध शराब एवं महुआ लहान तो जब्त किया गया लेकिन आज तक आरोपियों तक नहीं पहुंचा जा सका जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी, राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग ने कार्रवाई की। शनिवार को आबकारी वृत्त मुंगेली एवं लोरमी के आबकारी उप निरीक्षक विशेन चंद्रवंशी व जयसिंह मरकाम के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने ग्राम शिकारीडेरा पहाड़ी के पास 300 लीटर कच्ची शराब एवं 2550 किलो महुआ लाहन जब्त किया व अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अभिनियम 1915 की गैर जमानती थारा 34(1) (क) (न), 34(2) व 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

■ तीन सौ लीटर अवैध महुआ शराब व 2550 किलो महुआ लहान जब्त

### राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की आवश्यक बैठक कलेक्टोरेट के आगर सभाकक्ष में रखी गई। बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार जिले से स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान कर विदाई दिया गया एवं अन्य जिले से आने वाले नवागन्तुक अधिकारियों का स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व डीईओ एवं महासचिव जीआर चतुर्वेदी एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जरहागांव रामकुमारी डाहिरे का शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता से सम्मानित कर संघ की ओर से विदाई दी गई। नवागन्तुक अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी सीके धृतलहरे, सहायक संचालक मत्स्योद्योग आलोक श्रीवास्तव, उपसंचालक कृषि एमआर तिग्गा एवं सहायक संचालक कृषि वीणा ठाकुर का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। आगे कार्यक्रम में जिला शाखा में विगत कुछ समय से रिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं महासचिव पद पर क्रमशः सीके धृतलहरे एवं एमआर तिग्गा का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन बीईओ एवं उपाध्यक्ष पीएस बेदी ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चन्द्रदेव प्रसाद, कार्यालय सचिव आरके लहरे, जिला प्रवक्ता महादेव यादव, उपसंचालक कृषि ललिता मरावी, डीपीओ साक्षरता रामनाथ गुप्ता, प्राचार्य एसके वाद्यकार एवं रामाधार लास्कर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जनजातीय गौरव दिवस हुए विविध आयोजन



**मुंगेली।** जेपी मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर में जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास, ऐतिहासिक, सामाजिक व आध्यात्मिक योगदान के विषय पर प्राचार्य एसके तिवारी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो के द्वारा रानी दुर्गावती, छत्तीसगढ़ महतारी व आदिवासी समाज के वीर सपूतों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। राजकीय गीत अनीशा कोसरिया व हिमांशी साहू ने गायन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वेद सिंह मरकाम रहे। जिन्होंने जनजातीय समाज के इतिहास व रानी दुर्गावती को याद करते हुए उनके बारे में बताए। वहीं विशिष्ठ अतिथि संजय बिंझवार ने कहा जनजातीय समाज हमारा गौरव रहा है हमें इनके बलिदानों को भूलना नहीं चाहिए। प्रांतीय संयोजक जितेंद्र ध्रुव ने जनजातीय इतिहास व इस कार्यक्रम का उद्देश्य बताया। वहीं छात्रों का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर बारामासी नृत्य कु. खुशबू व साथी के द्वारा एवं रानी दुर्गावती के बारे में माया देवांगन व साथी तथा आदिवासी समाज के गौरव वीर बलिदानी आदिवासियों के भगवान कहे जाने वाले बिरसा मुंडा के गाथा गायन धनराज व हिमांशी ने किया।

### आत्मानंद स्कूल में युवा संसद प्रतियोगिता



**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार बावरे की उपस्थिति में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया तीनों विकासखण्ड के प्रतिभागियों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुंगेली विकासखण्ड से पीएम श्री सेजेस दाऊपारा एवं बीआरसाव उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल मुंगेली के चयनित प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रतिभागियों द्वारा वर्तमान ज्वलंत मुद्दों पर लोकसभा की भांति युवा संसद प्रतियोगिता में कृषि व फसलों के समर्थन मूल्य, एक देश एक चुनाव, महिला सुरक्षा, साइबर क्राईम जैसे विषयों पर बेबाकी से प्रश्न किया गया जिसका संबंधित विभाग के मंत्रियों द्वारा जवाब दिया गया। उक्त प्रतियोगिता मे एपीओ आकाश परिहार, प्राचार्य आई.पी.यादव, प्राचार्य पी.सी.दिव्य एवं अरुण जायसवाल ने सराहनीय योगदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 40 प्रतियोगियों काचयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर हेतु किया गया। इस अवसर पर प्रभारी व्याख्याता उमाशंकर साहू व्याख्याता पंकज मिश्रा, आर.के.वैष्णव, दिनेश घोषले, अशोक यादव, हेमलता यादव, श्रीमती एम ध्रुव, पियुषा चौधरी, राजेन्द्र प्रसाद साहू ने प्रशंसनीय सहयोग किया।

### कस्तूरबा स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**मुंगेली।** कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय विनोबा नगर में स्वर्गीय गीता राय की पुण्यतिथि में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया स्वास्थ्य विभाग मुंगेली के स्टाफ डॉक्टर मनीष गेंदले चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशांक उपाध्याय आयुष चिकित्सा अधिकारी श्रीमती उषा देवांगन ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती वेणु का साहू श्रीमती राज प्रियंका भारती नेत्र सहायक अधिकारी जीतू कुमार साहू रहो योगेश्वर धुरव आर एन ओ तुलस कश्यप आर एन ओ भगवती धृतलहरे सती ध्रुव के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग टीम के साथ-साथ जागृति महिला मंडल के पदाधिकारी एवं कस्तूरबा महिला कल्याण आश्रम समिति के पदाधिकारी पुष्पांजलि अर्पित करने उपस्थित हुए प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अनिल सोनी, कोषाध्यक्ष डीके सोलंकी, सचिव दीनानाथ केसरवानी, सह सचिव दिलीप सोनी, महावीर सिंह, जेठमल कोटडिया, रवि पौराणिक, स्वप्निल वर्मा, डॉक्टर सुनील सोनी, जागृति महिला मंडल के पदाधिकारी में अध्यक्ष सावित्री सोनी, श्रीमती प्रमिला चौरसिया, कमल सिंह, संगीता छतरी, सुधा राजपूत कस्तूरबा स्कूल परिवार की ओर से प्राचार्य ब्रहमदत्त त्रिपाठी, गीतांजलि देवांगन, कुमारी मातेश्वरी देवांगन, कुमारी गुंजा रानी देवांगन, कुमारी जय सोनी, कुमारी विद्या देवांगन, कुमारी अंकित उपाध्याय, कुमारी मुस्कान ठाकुर, कुमारी जाह्नवी ठाकुर, कुमारी प्रिया तिवारी, कुमारी प्रियंका यादव, कुमारी ज्योति यादव, आशुतोष उपाध्याय साथ ही विद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं के द्वारा भी सुश्री गीता राय के चित्र फलक के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

### संजीवनी 108 के स्टाफ ने बचाई 2 लोगों की जान

**मुंगेली।** आपातकाल में सेवा प्रदान करने वाली संजीवनी 108 स्टाफ की सूझ-बूझ ने एक महिला मरीज और एक पुरुष मरीज की जान बचाई। शनिवार शाम गुरूवाईनडबरी के पास चकरभाठा निवासी भानू प्रसाद साहू उम्र 54 वर्ष अपने ऑटो में हेड़सपुर से बुकिंग लेके बघनीभांवर गए हुए थे। वहां से वापस आते वक्त गुरूवाईनडबरी के पास अज्ञात बाइक वाले ने ऑटो को बुरी तरह ठोकर मार दी जिससे ऑटो में सवार महिला कुंती ध्रुव उम्र 38 वर्ष को सिर में गम्भीर चोट आई और ऑटो चालक भानू प्रसाद साहू का पैर बुरी तरह से लहू लुहान हो गया। घटना की सूचना मिलने पर संजीवनी 108 के स्टाफ ईएमटी दीलेश यादव और पायलट सूरज घृतलहरे घटना स्थल पहुंचे। मरीज की स्थिति को देखते हुए ईआरसीपी की मदद ली और प्राथमिक उपचार करते हुए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



### स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ़ जयंती



**गौरेला।** स्वर्णकार समाज ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर अजमीढ़ महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन गौरेला के होटल किया। कार्यक्रम में गोरेला के सभी स्वर्णकारों ने सपरिवार शामिल हुए एवं अजमीढ़ महाराज उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के संचालक मथुरा सोनी ने बताया कि अजमीढ़ देव ने स्वर्णकला का सृजन कर समाज को सोने और चांदी के आभूषण बनाने का ज्ञान दिया। दिया। युवा अधिवक्ता अशोक सोनी ने बताया कि अजमीढ़ देव कुशल प्रशासक व प्रजापालक थे। डॉ. प्रणय सोनी ने बताया कि सोनी समाज के सामने वर्तमान समय में व्यापक चुनौतियां हैं आपस में तालमेल व समन्वय का अभाव है। गंगा ज्वेलर्स के प्रोपराइटर मनीष सोनी ने एवं जमुना ज्वेलर्स के संचालक घनश्याम सोनी व प्रदीप सोनी ने शिक्षा समन्वयक संतोष सोनी ने भी समाज के उत्थान में सभी के योगदान का निवेदन किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में सोनी समाज की महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कई महिलाओं ने समाज के उत्थान के लिए अपने विचार व्यक्त किया। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण विनोद सोनी ने भी अपने विचार रखते हुए समाज के सभी लोगों को एकता के सूत्र बंधे होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में राजकुमारी सोनी शिक्षिका एवं मनीता सोनी ने भी अपने विचार रखते हुए समाज में बेटी बचाओ का संदेश भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी द्वारका सोनी, धीरज सोनी, संतोष सोनी, विकास सोनी, अशोक सोनी पप्पू, मनीष सोनी, सुशील सोनी, संजय सोनी और इस कार्यक्रम के संयोजक शंकर सोनी ने सभी स्वर्णकारों का तिलक चंदन लगाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में रश्मि सोनी, नमिता सोनी, श्रुति सोनी, ममता सोनी, सीमा सोनी, पूनम सोनी, सोनाली सोनी, निशा सोनी, निधि सोनी, रूबी सोनी, निक्की सोनी, नेहा सोनी, मनीता सोनी, कल्पना सोनी, पुष्पा सोनी, प्रवीण सोनी, आशा सोनी, पूजा सोनी, नीतू सोनी, गिरजा सोनी ने अपनी उपस्थिति दी।

## इग्नाइट स्कूल में शिक्षक पालक बैठक का आयोजन

# शासकीय स्कूलों में अच्छी शिक्षा के लिए पालकों की सहभगिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में अच्छी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक-पालक सम्मेलन का निर्देश जारी किया है। इसके पीछे छत्तीसगढ़ शासन की मंशा शासकीय विद्यालयों के गतिविधियों में पालकों की सहभागिता बढ़ाना है।

उक्त आदेश के परिपालन और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पीएस बेदी के मार्गदर्शन में नगर की शासकीय इग्नाइट स्कूल में शनिवार को शिक्षक-पालक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 103 पालकों उपस्थित होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शाला विकास के विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा की। प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर ने छात्र छात्राओं के माता पिता को बैठक के एजेंडे से परिचित कराते हुए कहा कि शिक्षा विभाग विद्यालयों के शैक्षिक और प्रशासनिक व्यवस्था में पालकों की सहभागीता चाहता है जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मेरा कोना, बैगलेश डे, बच्चा बोलेगा बेझिझक, विद्यार्थियों की दिनचर्या, मोबाईल एप जादुई पिटारा, दीक्षा एप जैसे निर्धारित बिन्दुओ पर जानकारी साझा की। शाला के जनभागीदारी अध्यक्ष कालिका बंजारे ने कहा कि शासकीय विद्यालयों में तभी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सम्भव है जब पालक जागरूक होंगे और विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता निभाएंगे। उन्होंने पालकों से कहा कि विद्यालय के बाद बच्चा घर जाए तो उनसे विद्यालय में आज क्या सीखा इसकी जानकारी लेनी चाहिए। निजी शालाओं में बच्चों के गृहकार्य माता पिता खुद कर रहे हैं वहीं शासकीय शालाओं के विद्यार्थियों से गृह कार्य भी नहीं पूछ रहे जो बेहतर शिक्षा के लिए एक बाधा है।




### पालकों ने दिए सुझाव

शिक्षक पालक बैठक में पालकों ने सुझाव देते हुए गृह कार्य वाट्सएप्प ग्रुप में भेजने , पालकों को शिक्षा से सम्बंधित मोबाइल एप का उपयोग सिखाने, बच्चों के नोटबुक में सप्ताहिक आंकलन कराने, नियमित पुस्तक वाचन, विद्यालय में बने हाउसेस के अनुसार हाउस ड्रेस पहनाने, जैसे कई सुझाव और प्रस्ताव दिए ।

### दक्ष शिक्षक फिर भी गुणवत्ता में कमी क्यों

इग्नाइट सीबीएसई पैटर्न इंग्लिश मिडीयम विद्यालय के शिक्षक-पालक बैठक एवं जनभागीदारी समिति के बैठक में क्षेत्र के शिक्षाविद बलराम जायसवाल ने कहा कि शासकीय विद्यालयो में शिक्षकों की नियुक्ति तीन से चार प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से होती है जिसमें सबसे योग्य व्यक्ति चयनित होते हैं लेकिन शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी हो जाती है। इसके पीछे पालकों की सहभागिता की कमी और गैर शिक्षकीय कार्यो में शिक्षकों की ड्यटी लगाना प्रमुख है। इसलिए हम पालकों को अपने बच्चों के शिक्षा-दीक्षा के प्रति जागरूक होना होगा तभी शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित लक्ष्य हासिल होंगे। बैठक में नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष प्रकाश राय, नगर पंचायत सभापति धर्मेंद्र श्रीवास, पार्षद प्रतिनिधि इंद्रजीत यादव, चन्द्रेश यादव, सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे ।

### शस्त्र पूजन कर किया गया पथसंचलन



**सरगांव।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड सरगांव इकाई ने बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर शस्त्र पूजन कर नगर में पथ संचालन किया गया। पथ संचालन उन्मुक्त खेल मैदान सरगांव परिसर से शुरू किया गया गया। नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पथ संचालन का स्वागत किया गया। पथ संचालन नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर की विभिन्न गलियों में गुजरते हुए खेल मैदान में समाप्त हुआ। मुख्य वक्ता उत्तर यादव छत्तीसगढ़ प्रांत के किसान कार्य प्रमुख, मुख्य अतिथि ढोला राम मरकाम सहायक उप निरीक्षक, खंड संघचालक मनीष कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के उद्देश्य के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। स्वयंसेवकों ने नियुक्त योग व आसन सहित अन्य कई सामूहिक प्रदर्शन भी किया। मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर यादव ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया, साथ ही सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए हिंदू समाज को एकजुट रहने पर जोर दिया।